राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 17 अंक: 144 पृष्ठ: 10 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com राष्ट्रीय संस्करण दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group



पीएम मोदी संसद के उद्घाटन से पूर्व राजदंड भेंट करने के लिए चेन्नई के धर्मपुरम अधीनम के 21 संत भी चेन्नई से दिल्ली पहुंच गए। पीएम अभिवादन स्वीकारते हुए।

## 'संघ को बैन किया तो कांग्रेस खाक हो जाएगी'



**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** के भाजपा अध्यक्ष नलिन कुमार कटील ने कहा है कि अगर कांग्रेस ने राज्य में बजरंग दल या राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) को बैन करने की कोशिश की तो जलकर खाक हो जाएगी। उन्होंने कर्नाटक सरकार में मंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे प्रियांक खड़गे को जुबान पर लगाम लगाने की नसीहत दी। दरअसल, 24 मई को प्रियांक खड़गे ने कहा था कि अगर कोई भी संस्थान कर्नाटक की शांति भंग करने, समुदायों के बीच नफरत फैलाने और राज्य का नाम खराब करने की कोशिश करेगा तो हमारी सरकार कानूनी तौर से उससे डील करने या उसे बैन करने में जरा भी नहीं हिचकेगी। चाहे ये संगठन संघ हो या बजरंग दल या कोई और धार्मिक संगठन।

## सत्येंद्र जैन के सिर में खून का थक्का जमा



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के लोकनायक जय प्रकाश नारायण अस्पताल में भर्ती पूर्व स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन के सिर में खून का थक्का जम गया है। वह 25 मई को तिहाड़ जेल के वॉशरूम में फिसलकर गिर पड़े थे। हालांकि उनकी हालत स्थिर है। अब एमआरआई रिपोर्ट का इंतजार है। सत्येंद्र जैन के इलाज के लिए चार सदस्यीय मेडिकल बोर्ड का भी गठन किया गया है। कमेटी मेंबर्स में एलएनजेपी अस्पताल के सीनियर फिजीशियन, जीबी पंत अस्पताल के न्यूरोलॉजिस्ट के अलावा क्रिटिकल केयर के एक्सपर्ट शामिल हैं। शुक्रवार को सत्येंद्र जैन की जमानत पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। जहां कोर्ट ने जैन को गिरफ्तारी के 360 दिन बाद 42 दिन (6 हफ्तों) की जमानत दे दी है।

## ममता ने अवैध फैक्ट्री में विस्फोट पर माफी मांगी



**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**ममता** ने कहा कि अगले दो हफ्तों में चीफ सेक्रेटरी के नेतृत्व में एक रिपोर्ट तैयार की जाएगी। जिसके तहत ग्रीन पटाखों का क्लस्टर बनाया जाएगा। पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर के एगरा में 16 मई को एक अवैध पटाखों की फैक्ट्री में विस्फोट हो गया था। इस हादसे में 12 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हुए थे। हादसे के 11 दिन बाद राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी खादिकुल गांव पहुंची। उन्होंने यहां एगरा के लोगों से अवैध फैक्ट्री में हुए धमाके को लेकर माफी मांगी। उन्होंने कहा एगरा की घटना ने हमारी आंखें खोल दी हैं। अगर इंटेलिजेंस ने ठीक से काम किया होता तो इस हादसे को टाला जा सकता था। ममता ने हादसे में मरने वाले लोगों के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की।

# नीति आयोग की हुई बैठक

### 8 मुख्यमंत्री नहीं आए: भाजपा ने विपक्ष से पूछा- मोदी विरोध में आप कहां तक जाएंगे

**विरोध**

● **सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम और उपराज्यपालों को बुलाया गया था**



**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** में शनिवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में नीति आयोग गवर्निंग काउंसिल की 8वीं मीटिंग हुई। इसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सीएम और उपराज्यपालों को बुलाया गया था, लेकिन 8 राज्यों के मुख्यमंत्री नहीं आए। इसे लेकर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने विपक्ष से पूछा है कि मोदी विरोध में आप कहां तक जाएंगे। इनमें दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल, पंजाब के सीएम भगवंत मान, बंगाल की सीएम ममता बनर्जी, बिहार के सीएम नीतीश कुमार, राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत, तमिलनाडु के सीएम एमके स्टालिन, केरल के सीएम पिन्नाराई विजयन और ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक शामिल हैं।

**जो मुख्यमंत्री नहीं आए वे जनता विरोधी:** इसे लेकर भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि जो मुख्यमंत्री इस बैठक में नहीं आए, वे जनता विरोधी और गैर-जिम्मेदार हैं। नीति आयोग देश के विकास और योजनाओं के लिए बहुत ही जरूरी है। इस बैठक के लिए 100 मुद्दे तय किए गए हैं, अब जो मुख्यमंत्री नहीं आए हैं वो अपने प्रदेश की जनता की आवाज यहां तक नहीं ला रहे हैं। मोदी विरोध में आप कहां तक जाएंगे? इस बैठक में आठ प्रमुख विषयों पर चर्चा की जा रही है। जिनमें विकसित भारत, टरटए पर जोर, इन्फ्रास्ट्रक्चर और इन्वेस्टमेंट, अनुपालन का बोझ कम करना, महिला सशक्तिकरण पर चर्चा हुई।



### पंजाब सीएम ने भी मीटिंग का बायकॉट किया

**पंजाब** के सीएम भगवंत मान ने भी 27 मई को दिल्ली में होने वाली नीति आयोग की मीटिंग का बायकॉट किया है। मान ने कहा कि केंद्र सरकार पंजाब की कई जन-कल्याणकारी योजनाओं में अड़ंगा डाल रही है। एमएसपी की रकम हो या फसली कीमत घटाना, पंजाब को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। मीटिंग में जाकर फोटो नहीं खिंचवानी है।

### केजरीवाल-केसीआर भी नहीं पहुंचे

**केजरीवाल** ने चिट्ठी में लिखा कि पिछले कुछ सालों में गैर-भाजपा सरकारों को गिराया जा रहा है या काम नहीं करने दिया जा रहा। ये हमारे देश का विजन नहीं है। केजरीवाल ने चिट्ठी में लिखा कि पिछले कुछ सालों में गैर-भाजपा सरकारों को गिराया जा रहा है या काम नहीं करने दिया जा रहा। ये हमारे देश का विजन नहीं है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने 11 मई को आदेश दिया था कि दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग के अधिकार दिल्ली सरकार के पास रहेंगे। इसके बाद, केंद्र सरकार 20 मई को एक अध्यादेश लाई और ये अधिकार उपराज्यपाल को दे दिए। केजरीवाल इसी अध्यादेश का विरोध कर रहे हैं। उन्होंने लिखा- केंद्र के अध्यादेश का पूरा देश विरोध कर रहा है। लोग पूछ रहे हैं कि अगर प्रधानमंत्री जी सुप्रीम कोर्ट को भी नहीं मानते तो हम न्याय के लिए फिर कहां जाएंगे।



नए संसद भवन का इनॉगरेशन रविवार को दोपहर 12 बजे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां लगभग पूरी हो चुकी हैं।

## पश्चिम बंगाल की मंत्री की गाड़ी पर हमला

**टीम एक्शन इंडिया/कोलकाता**
**पश्चिम** बंगाल के मेदिनीपुर जिले में शुक्रवार देर रात पश्चिम बंगाल की मंत्री बीरबाहा हांसदा के वाहन में तोड़फोड़ की गई। हांसदा टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी के काफिले के साथ जा रही थीं। यह घटना सालबोनी में हुई जहां मुख्यमंत्री ममता बनर्जी आज एक पार्टी कार्यक्रम में शामिल होने वाली हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर भेजा गया है।

**प्रचार अभियान से लौटते वक्त हुआ हमला:** अभिषेक बनर्जी एक प्रचार अभियान के चलते झारग्राम के बिनपुर और गोपीबल्लवपुर में एक रोड शो कर रहे थे।

## कर्नाटक सीएम के पास वित्त-इंटेलिजेंस विभाग

**विभागों का बंटवारा**

● **मुख्यमंत्री ने वित्त, कैबिनेट अफेयर्स, इंटेलिजेंस, और जो विभाग किसी अन्य को नही दिए गए उनका प्रभार अपने पास रखा**

**टीम एक्शन इंडिया/बेंगलुरु**
**कर्नाटक** में सरकार बनने के 7 दिन बाद मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने शनिवार को कैबिनेट का विस्तार किया। 24 नए मंत्री सरकार में शामिल किए गए। अब सरकार में कुल 34 मंत्री हो गए हैं। इसके साथ विभागों का बंटवारा भी कर दिया गया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने वित्त, कैबिनेट अफेयर्स, पर्सनल और एडमिनिस्ट्रेटिव रिफॉर्म्स, इंटेलिजेंस, इंफॉर्मेशन और जो विभाग किसी अन्य को नही दिए गए उनका प्रभार अपने पास रखा है। डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार को इरिगेशन, बेंगलुरु सिटी डेवलपमेंट का जिम्मा दिया गया है। गृह मंत्रालय डॉ. जी परमेश्वरा को सौंपा गया है। श्रीरामलिंगा रेड्डी को ट्रांसपोर्ट विभाग दिया गया है। इसके अलावा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के बेटे और चित्तपुर के विधायक प्रियांक खड़गे को ग्रामीण विकास और पंचायती राज का जिम्मा सौंपा गया है।

## राम लला की मूर्ति का निर्माण शुरू

**टीम एक्शन इंडिया/अयोध्या**
**अयोध्या** में बन रहे राम मंदिर के गर्भगृह में स्थापित होने वाली भगवान राम की मूर्ति का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। जनवरी 2024 में मकर संक्रांति पर गर्भगृह में यह मूर्ति स्थापित होगी। भक्तों को मूर्ति के 35 फीट दूर से दर्शन हो सकेंगे। रामनवमी के दिन सूर्य की किरणें गर्भगृह में रामलला के ललाट को छुएंगी। इसके लिए खगोलशास्त्र और भौतिकी विज्ञान के विशेषज्ञों की एक टीम बनाई गई है।



**कर्नाटक-राजस्थान के शिल्पकार अयोध्या पहुंचे:** मूर्ति को भव्य और मोहक बनाने के लिए बड़े-बड़े मूर्तिकारों की टीमें अयोध्या पहुंच रही हैं। कर्नाटक के शिल्पकार गणेश एल. भट्ट और राजस्थान के शिल्पकार सत्यनारायण पांडेय की टीमें अयोध्या आ चुकी हैं। पद्मविभूषण सुदर्शन साहू और मैसुरु के अरुण योगीराज की टीमें आनी बाकी हैं। संतों, विद्वानों, शिल्पकारों और चित्रकारों से लंबी चर्चा के बाद तय हुआ है कि बालस्वरूप (5 वर्ष) का जैसा वर्णन वाल्मीकि जी ने किया है, उसी आधार पर मूर्ति बनेगी।

## एनआईए ने वकील समेत 13 को हिरासत में लिया

**टेरर फंडिंग**

● **यह दबिश विदेशी हथियार और जमात-उल-मुजाहिदीन, बांग्लादेश को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में दी गई**

**टीम एक्शन इंडिया/जबलपुर**
**नेशनल** इन्वेस्टिगेशन एजेंसी (एनआईए) ने शुक्रवार-शनिवार की दरमियानी रात जबलपुर के 13 इलाकों में छापे मारे। टीम ने मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के वरिष्ठ वकील ए. उस्मानी को हिरासत में लिया। एनआईए की टीम ने देर रात उनके घंटाघर, ओमती स्थित घर और ऑफिस पर दबिश दी। सिविल लाइन इलाके के सुप्रीम प्लाजा अपार्टमेंट से भी दो लोगों को हिरासत में लिए जाने की जानकारी है। यह दबिश विदेशी हथियार और जमात-उल-मुजाहिदीन, बांग्लादेश को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में दी गई। इसका इनपुट भोपाल समेत दूसरे शहरों से गिरफ्तार किए गए संदिग्धों की पुलिस पूछताछ में मिला था। फिलहाल, एनआईए की टीम उस्मानी समेत करीब 13 लोगों को हिरासत में लेकर भोपाल रवाना हो गई है। जांच एजेंसी के कुछ अधिकारी 6वीं बटालियन में ठहरे हुए हैं। एनआईए ने शहर के सिविल लाइन में 2 जगह, बड़ी ओमती में 2 जगह और आधारताल में यह कार्रवाई की। एनआईए ने रज्जाक से जुड़े होने के शक में मकसूद कबाड़ी और अहद उल्लाह अंसारी के घर भी दबिश दी है। जब टीम बड़ी ओमती में हिस्ट्रीशीटर अब्दुल रज्जाक के घर के आसपास कार्रवाई कर रही थी, तब पुलिस ने मीडियाकर्मियों के मोबाइल छीन लिए थे।

## तुंगनाथ मंदिर को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने का विरोध

**टीम एक्शन इंडिया/गुप्तकाशी**
**तृतीय केदार** भगवान तुंगनाथ को राष्ट्रीय धरोहर घोषित किए जाने पर स्थानीय हक-हकूक धारियों ने आपत्ति जताई है। सामाजिक कार्यकर्ता एवं तुंगनाथ मंदिर के पुजारी हरीवल्लभ मैठाणी ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के महानिदेशक को पत्र लिखकर आप अपनी आपत्ति दर्ज की है। 86 गोठ गांव के हक-हकूक धारियों ने वंश दर वंश परंपराओं को कायम रखते हुए इस पौराणिक मंदिर की पूजा-अर्चनाएं, तीर्थयात्रियों और स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं दे रहे हैं।

**ड्रेस कोड** मंदिर महासंघ बोला- श्रद्धालु कटी-फटी जीन्स और स्कर्ट जैसै कपड़े पहनकर मंदिर में न आएं

# नागपुर के चार मंदिरों में ड्रेस कोड लागू

**टीम एक्शन इंडिया/नागपुर**
**महाराष्ट्र** के नागपुर में चार मंदिरों में ड्रेस कोड लागू कर दिया गया है। महाराष्ट्र मंदिर महासंघ ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गोपालकृष्ण मंदिर (धंतोली), संकटमोचन पंचमुखी हनुमान मंदिर (बेलोरी-सावनेर), बृहस्पती मंदिर (कानोलीबारा) और हिलटॉप दुर्गामाता मंदिर (मानवतानगर) इन मंदिरों में अब आपत्तिजनक कपड़े पहनने पर एंट्री नहीं दी जाएगी।

**मंदिरों की पवित्रता की रक्षा करना उद्देश्य:** महाराष्ट्र मंदिर महासंघ के कोऑर्डिनेटर सुनील घनवट ने कहा कि मंदिर के बाहर पोस्टर भी लगाए गए हैं। जिसमें लिखा है कि कटी फटी जीन्स, स्कर्ट जैसै आपत्तिजनक कपड़े पहनकर मंदिर में न आएं। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य मंदिरों की पवित्रता की रक्षा करना है। पहले भी कई मंदिरों में ड्रेस कोड लागू किया गया है। उन्होंने कहा कि हम मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से अनुरोध करेंगे की वे सरकार के नियंत्रण वाले मंदिरों में भी ड्रेस कोड लागू करें।



**तुलजा भवानी मंदिर में नियम लागू करने पर हुआ था हंगामा:** कुछ दिन पहले यानी मई की शुरूआत में उस्मानाबाद जिले के तुलजा भवानी मंदिर ने भी आपत्तिजनक कपड़ों पर रोक लगाने की कोशिश की थी। लेकिन इस फैसले के बाद हंगामा शुरू हो गया था। इसके चलते कुछ ही घंटों में आदेश वापस लेना पड़ा था। अलीगढ़ के गिलहराजजी मंदिर के महंत योगी कौशल नाथ ने 17 मई को फरमान जारी किया था। उन्होंने मंदिर परिसर में मुस्लिमों के प्रवेश को वर्जित किया था। हिंदुओं के लिए भी ड्रेस कोड लागू किया था।



# 'वैश्य भारती वैश्य समाज को एक सूत्र में पिरोती है'

## 2020 में देश की 75 महिलाओं को सम्मान देते हुए नारी शक्ति विशेषांक प्रकाशित किया

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**

**हरियाणा** के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि कोरोना जैसी विभीषिका में जहां एक ओर पत्र-पत्रिकाएं ज्यादा नहीं चल पा रही थी वहीं दूसरी ओर वैश्य भारती ने अपने मानव धर्म के निर्वहन के साथ-साथ पत्रकारिता को भी बनाए रखा और 2020 में देश की 75 महिलाओं को सम्मान देते हुए नारी शक्ति विशेषांक प्रकाशित किया। बंडारू दत्तात्रेय गत सायं पंचकूला के सेक्टर-1 स्थित पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में वैश्य भारती राष्ट्रीय पत्रिका के वैश्य संवाद और सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस अवसर पर बंडारू दत्तात्रेय और ज्ञानचंद गुप्ता ने यूपीएससी की परीक्षा में हरियाणा में टॉप और देश में 9वां रैंक हासिल करने वाली हरियाणा की बेटी कनिका गोयल सहित विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले मेधावी छात्रों, समाजसेवियों, उद्योगपतियों,



महिलाओं और मीडिया बंधुओं को अवार्ड देकर सम्मानित किया। वैश्य भारती राष्ट्रीय पत्रिका के राष्ट्रीय संयोजक अंकित दुदानी गोयल को मीडिया रतन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इस मौके पर दत्तात्रेय और ज्ञानचंद गुप्ता ने वैश्य भारती पत्रिका के हरियाणा संस्करण का विमोचन भी किया। दत्तात्रेय ने पंचकूला में आयोजित वैश्य संवाद और सम्मान समारोह के लिए वैश्य भारती की सराहना करते हुए कहा कि वैश्य भारती भारत के वैश्य समाज को एक सूत्र में पिरोने के लिए सराहनीय कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि वैश्य भारती द्वारा समय-समय पर समाज को जोड़ने के लिए कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। उन्होंने कहा कि वैश्य भारती सामाजिक गतिविधियों में लगातार अग्रसर रहती है। स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर, पर्यावरण संबंधी गतिविधियों के संबंध में कार्यक्रमों का आयोजन करना वैश्य भारती का अथक प्रयास रहता है। राज्यपाल ने कहा कि महाराजा अग्रसेन के एक रूपया-एक ईंट के सिद्धांत से प्रेरणा लेते हुए वैश्य समाज के लोग समाज सेवा के कार्यों में बढ़-चढ़ कर भाग लेते हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष ज्ञानचंद गुप्ता ने सम्मानित होने वाले सभी लोगों को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि हरियाणा की बेटी कनिका गोयल ने यूपीएससी में हरियाणा में टॉप और देश में 9वां रैंक हासिल कर हरियाणा में ही नहीं बल्कि देश में समाज का नाम रोशन किया है।

# किडजी स्कूल में येलो डे मनाया गया



**टीम ऐक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** किडजी स्कूल कुरुक्षेत्र सैक्टर 3 में आज 'येलो डे' मनाया गया जिसमें पीले रंग संबंधी वस्तुएं , खाना, फल , वेशभूषा का प्रस्तुतीकरण नन्हे मुन्ने विद्यार्थियों के सामने किया गया । इस गतिविधि का उद्देश्य नन्हे मुन्ने बच्चों को इस रंग की बारीकियों व खूबियों के बारे में विस्तार से जानकारी देना था। साथ ही पीले रंग को विभिन्न कार्यों में प्रयोग में लाने के गुण भी सिखाए गए। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने विभिन्न वस्तुओं में पीले रंग का इस्तेमाल कर उनकी सुंदरता को बढ़ाया और खूब मस्ती की। आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक परमिंदर सिंह बाठ जी ने किया तथा इसके साथ बच्चों के बीच पीले रंग का गुब्बारा वितरण किया गया। स्कूल के सभी विद्यार्थी और अध्यापिकाएं पीली वेशभूषा में बहुत ही आकर्षक लग रहे थे।

# खैरा के सरकारी स्कूल में सुधीर कालड़ा ने किया औचक निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

राजकीय उच्च विद्यालय खैरा, अंबाला-1 में जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया ' जिसमें विद्यालय का वातावरण साफ सुथरा, स्वच्छ व शांतमय मिला। सबसे पहले प्राइमरी स्कूल का निरीक्षण किया गया जिसमें स्कूल अध्यापक देवी चंद सेचरडे जॉय फूल एक्टिविटी एफ एल एन के दौरान करवाते हुए पाए गए जिसको देखकर खुशी जाहिर की ' इसके उपरांत एम डी एम का निरीक्षण किया गया जिसमें उन्होंने क्वालिटी और क्वांटिटी की जांच की और उसको उन्होंने अच्छा बताया । इसके बाद कक्षा 6, 7, 8, 9, 10 का निरीक्षण किया गया जिसमें बच्चों को ईमानदारी से काम करने के लिए



प्रेरित किया गया । इसके उपरांत मुख्याध्यापक कार्यालय में उन्होंने टीचर डायरी, एक्टिविटी रजिस्टर, हाउस रजिस्टर , मीटिंग रजिस्टर, इको क्लब रजिस्टर, आयरन फोलिक रजिस्टर,बच्चों द्वारा बनाए गए चार्ट एवं प्रोजेक्ट को जांचा गया । छात्रों की उपस्थिति संतोषजनक रही तथा सभी अध्यापकों को लगन व निष्ठा से बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। मुख्याध्यापक श्याम सुंदर की उन्होंने स्कूल के सही संचालन व स्वच्छ वातावरण के लिए सराहना की।

# केयू के एन सी सी के कैडेट्स ने ली पर्यावरण बचाने की शपथ



**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के एन सी सी के कैडेट्स ने पर्यावरण बचाने की शपथ ली। लेफ़्टिनेंट वीरेंद्र पाल और सी टी ओ डॉ ऋतु सैनी ने कैडेट्स को शपथ दिलाई। लेफ़्टिनेंट वीरेंद्र पाल ने बताया की केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय की तरफ से अंतरराष्ट्रीय पर्यावरण दिवस पर माई लाइफ के नाम से एक अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत विभिन्न संस्थान अलग अलग अभियान चलाये जाएँगे और इन अभियानों से जनमानस को पर्यावरण बचाने के लिए जागरूक किया जाएगा। लेफ़्टिनेंट वीरेंद्र पाल ने बताया की ग्लोबल वार्मिंग आने वाले समय में मानवता के लिए सबसे बड़ा खतरा सिद्ध होने जा रहा है इसलिए हम सब को पर्यावरण बचाने के लिये आगे आना होगा।

# कल्पना चावला बहु तकनीकी संस्थान की 16 छात्रों का हुआ चयन

**8 इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन विभाग की लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया**

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला (मनीष कुमार)**

कल्पना चावला बहुतकनीकी संस्थान अंबाला शहर में प्लेसमेंट ड्राइव के तहत मई में नोएडा के आनंद ग्रुप द्वारा कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया गया। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन विभाग की लगभग 50 छात्रों ने भाग लिया। इस अवसर पर लिखित परीक्षा पास करने वाली छात्राओं को ही इंटरव्यू के लिए चयनित किया। इसके तहत इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग की 16 छात्रों



का फाइनल राउंड में चयन किया गया इसमें से 10 छात्राओं को नोएडा में व 6 छात्राओं को रेवाड़ी में ढाई लाख के पैकेज पर रखा गया। इस अवसर पर संस्थान की प्रिंसिपल डॉक्टर बिंदु आनंद, ट्रेनिंग व प्लेसमेंट ऑफिसर सतविंदर, असिस्टेंट प्लेसमेंट ऑफिसर सुरेश खेड़ा, ऑफिस इंचार्ज इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग डॉ सारिका शर्मा, चेतना व प्रियंका उपस्थित रहे।

# सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाएं होंगी पुरस्कृत

**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत,** उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा सडक सुरक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कॉर्पोरेट हाउस, ऑटो इण्डस्ट्रीज एवं उनकी एसोसिएशन, विश्वविद्यालय की संस्थाएं, गैर सरकारी संगठनों की विभिन्न एजैन्सियां और ट्रस्ट सोसाईटी आदि को पुरस्कृत किया जाएगा। इसके लिए इच्छुक संस्थाएं मंत्रालय की वेबसाइट ६६६.ङ्म१३ँ.ल्ल्रू.ल्ल पर पंजीकरण के लिए 30 मई 2023 तक ऑनलाईन आवेदन कर सकती हैं।

उपायुक्त ने बताया कि सडक दुर्घटनाओं को कम करने के लिए सडक सुरक्षा के क्षेत्र में जागरूकता को बढ़ावा देने के लिए जो संस्थाएं अच्छा कार्य कर रही हैं, जिन्हें भारत सरकार के सडक परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय द्वारा पुरस्कृत किया जएगा। इस संबंध में इच्छुक संस्थाएं अपने-अपने प्रस्ताव ऑनलाईन पोर्टल पर भेज सकते हैं।

# जी.आर.एस.डी स्कूल के 10वीं 12वीं के मेरिट होल्डर छात्र हुए सम्मानित

**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला (मनीष कुमार)**

जीआरएसडी स्कूल में मेरिट में आए हुए विद्यार्थीयों को किया गया। सम्मानित जिसमे 12वीं क्लास में 10 बच्चों की मेरिट आई है। साइंस संकाय में शिव प्रताप ने 500 में से 464 नंबर लेकर अव्वल रहा और कार्तिकेय 500 में से 442 नंबर लेकर दूसरे नंबर पर रहा राहुल 500 में से 40 नंबर लेकर तीसरे नंबर पर रहा । अनिकेत ने 500 में से 401 अंक प्राप्त किये। वाणिज्य संकाय में खुशबू ने 412 अंक प्राप्त करें 12वीं आर्ट्स में स्पर्श वर्मा ने 500 में से



437की नंबर लेकर के अव्वल रहा गुरु करण 500 में से 418 नंबर लेकर के दूसरे स्थान पर रहा और पानशु और पुनीत धीमान ने 500 में से 409 नंबर प्राप्त करें और समीर ने 404 अंक प्राप्त करें। प्रिंसिपल प्रदीप कुमार ने इन बच्चों को सम्मानित किया और अच्छे नंबर लेने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी। दसवीं कक्षा में 6 बच्चों की मेरिट आई हैं अंकित ने 500 में से 483 नंबर लेकर पहला स्थान प्राप्त किया। साईना ने 500 में से 473 नंबर लेकर दूसरे स्थान पर रही। अर्शदीप 500 में से 454 नंबर लेकर तीसरे स्थान पर रहा। सचिन 500 में से 416 नंबर लेकर चौथे स्थान पर रहा और साहिल ने 500 में से 406 नंबर लिए और कृष्णा ने 500 में से 400 नंबर प्राप्त करें इन सभी विद्यार्थियों को प्रिंसिपल प्रदीप कुमार द्वारा सम्मानित किया गया और इनको अच्छे नंबर लाने के लिए बहुत-बहुत बधाई दी प्रधान नरेश अग्रवाल , अरविंद अग्रवाल उर्फ लक्की ,सचिव रितेश गोयल ,सचिव रोहित गुप्ता कोषा अध्यक्ष साहिल गुप्ता , प्रिंसिपल प्रदीप कुमार शर्मा ने बच्चों को और उनके अभिभावकों को बहुत-बहुत बधाई दी।

# रोल नंबर जारी न होने के कारण छात्र केयू में खा रहे धक्के: भारत



**टीम एक्शन इण्डिया/कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक)**

प्राइवेट और डिस्टेंस के जिन विद्यार्थियों का सोमवार को पेपर है उनके रोल नंबर अब तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय ने जारी नहीं किए, दूर-दूर से आए विद्यार्थियों को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन धक्के खाने पर मजबूर किया, सीवाईएसएस से कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत बराड़ और कैंपस अध्यक्ष मनदीप सिंह ने मौके पर पहुंचकर छुट्टी वाले दिन रिजल्ट ब्रांच के अधिकारियों से बात करके विद्यार्थियों के रोल नंबर जारी करवाएं, जिन विद्यार्थियों की परीक्षा सोमवार को है ।जिसमें कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय अध्यक्ष भारत बराड़ ने कहा कि प्राइवेट और डिस्टेंस के विद्यार्थियों का सोमवार को पेपर है लेकिन अभी तक कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा रोल नंबर जारी नहीं किया गए थे, विद्यार्थी काफी दूर-दूर से विश्वविद्यालय में आकर इधर उधर धक्के खाने पर मजबूर कर रहा था, विद्यार्थियों को कभी कोई समस्या बता दी जाती थी और कभी कुछ । अगर विद्यार्थी रिजल्ट ब्रांच में जाकर कर्मचारियों से बात करते हैं तो कर्मचारी विद्यार्थियों से बेतुका व्यवहार करते हैं और अकड़ कर बोलते हैं । इसलिए आज सीवाईएसएस की टीम ने सभी विद्यार्थियों के आग्रह पर मौके पर पहुंचकर छुट्टी वाले दिन कर्मचारियों से बात करके विद्यार्थियों के रोल नंबर जारी करवाएं । कैंपस अध्यक्ष मनदीप सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में दूर-दूर से आए विद्यार्थियों को काफी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था इसलिए आज सीवाईएसएस ने सभी विद्यार्थियों की समस्या को सुना।

# 'शनिवार को कोरोना से संक्रमित नहीं मिला कोई पोजिटिव केस'

**सोनीपतः उपायुक्त** ललित सिवाच ने बताया कि शनिवार को जिला में कोरोना से संक्रमित कोई नया पोजिटिव केस नहीं मिला। उपायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी कोरोना रिपोर्ट के अनुसार बताया कि अब जिला में कोरोना वायरस के पोजिटिव मामलों का कुल आंकड़ा 60371 हो गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में कोरोना से मरने वाले मरीजों की संख्या 278 हो गई है। अब तक जिला में 60 हजार 085 कोरोना मरीजों को ठीक होने के उपरांत डिस्चार्ज किया गया है। उपायुक्त ने कहा कि जिला में

# आर्य वीर दल का शारीरिक एवं बौद्धिक ट्रेनिंग शिविर लगा

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**

पानीपत आर्य बल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत के परिसर में आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित पंच दिवसीय सार्वदेशिक आर्य वीर दल का शारीरिक एवं बौद्धिक प्रशिक्षण शिविर आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल पानीपत में आज शिविर का चतुर्थ दिवस जिसमें सभी बच्चों ने प्रातः कालीन सत्र में व्यायाम प्रशिक्षण प्राप्त किया शिविर के संयोजक विद्यालय के प्राचार्य आर्य सत्यवान मलिक ने कहा कि हमारे वेदों में मनुष्य जीवन को चार भागों में बांटा गया है। प्रथम ब्रह्मचर्य आश्रम को पहले स्थान पर रखते हुए 25 वर्ष की आयु तक जहां



छात्र को शारीरिक रूप से मजबूत बनाया जाता है, वही उसके बौद्धिक स्तर को भी ऊंचा उठाने के सभी प्रयास किए जाते हैं और यह सभी प्रबुद्ध नागरिकों के लिए गर्व और गौरव का विषय है। कि सभी आर्य शिक्षण संस्थाओं में सार्वत्रिक आर्य वीर दल शिविर आयोजित करके आर्य वीरों के चहुंमुखी विकास के लिए सभी प्रशिक्षक प्रयास करते हैं उन्होंने कहा कि बलम उपासना मनुष्य को बल की उपासना करनी चाहिए ऋग्वेद के इस मंत्र का अभिप्राय यही है कि हर व्यक्ति को स्वस्थ रहना चाहिए और इसके लिए व्यायाम करना आवश्यक है। विद्यालय के उप प्राचार्य एवं शिविर अध्यक्ष आचार्य राजकुमार शर्मा ने कहा कि शिविर के प्रेरणा स्रोत आर्य प्रतिनिधि सभा हरियाणा के प्रधान राधा कृष्ण आर्य के निर्देशों पर यह उच्च स्तरीय आर्य वीर दल शिविर लगाए जा रहे हैं। उन्होंने कहां था, स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क निवास करता है यदि भारत को एक शिक्षित विकसित और समृद्ध राष्ट्र बनाना है तो देश के युवाओं को हर क्षेत्र में शक्तिशाली बनाना होगा उन्होंने कहा कि विश्व के सभी धर्मों में शक्ति की पूजा की जाती है। इसीलिए शक्तिशाली राष्ट्र बनाने के लिए बच्चों में देशभक्ति और राष्ट्रवाद का समावेश करवा देना चाहिए इसी उद्देश्य को लेकर आर्य बाल भारती विद्यालय प्रबंधक समिति उच्च स्तरीय सुविधाएं आर्य वीरों को प्रदान कर रहा है। उन्होंने कहा कि इतिहास गवाह है कि आर्य समाज ने भारत की आजादी में अनेक बलिदान दिए हैं और नई दिशा प्रदान करने के लिए इस समय हरियाणा के सभी जिलों में आर्य वीर दल के ऐसे शिविर लगाए जा रहे हैं।

# अम्बाला छावनी के अंतिम घर तक बीस फुट ऊंची पानी की टंकी पर चढ़े पानी, ऐसी व्यवस्था कर रहे: विज

## सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट चालू होने पर लोगों से सीवरेज कनेक्शन लेने का आह्वान किया जाएगा, नई पाइप लाइन छावनी तक डाली जा रही है और कई जगह बूस्टर लगाए गए हैं जबकि कुछ बूस्टर लगने है

**टीम एक्शन इंडिया/अम्बाला छावनी (मनीष कुमार)**

गृह मंत्री अनिल विज ने अम्बाला छावनी में विभिन्न रेलवे पुल, स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन, सीवरेज प्रोजेक्ट एवं पेयजल आपूर्ति के प्रोजेक्ट्स को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ संयुक्त बैठक की। विज ने कहा कि अम्बाला छावनी के अंतिम घर तक बीस फुट ऊंची पानी की टंकी तक पानी चढ़ सके, ऐसी व्यवस्था हम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति के लिए अद्दोमाजरा से नई पाइप लाइन छावनी तक डाली जा रही है और कई जगह बूस्टर लगाए गए हैं जबकि कुछ बूस्टर लगने है। छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में विभिन्न रेलवे पुल, स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन, सीवरेज प्रोजेक्ट एवं पेयजल आपूर्ति के प्रोजेक्ट्स को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ चर्चा के उपरांत पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अम्बाला छावनी में पीने के पानी की एक लाइन अद्दोमाजरा से पहली डली हुई है और अब एक दूसरी लाइन डालकर छावनी तक लाई जा रही है जोकि अम्बाला छावनी के एक्सटेंडेड एरिया के घर-घर तक पहुंचेगी। यह पानी डिफेंस कालोनी व कलरहेडी के अंतिम छोर तक पहुंचे उसके लिए कुछ बूस्टर बनाए है जबकि कुछ बूस्टर और बनाए जाएंगे। इसके लिए नगर परिषद और जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश भी दिए गए हैं।

गृह मंत्री अनिल विज ने कहा कि बैठक में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन को लेकर समीक्षा की गई है कि कहां-कहां छोटे टुकड़े इसके डलने रह गए हैं। इसी तरह अम्बाला छावनी में सीवरेज के चार एसटीपी चालू होने है जोकि बब्याल, खुड्डा, मच्छौंडा और 12 क्रास रोड



लग रहे हैं। उन्होंने कहा कि जब यह चालू हो जाएंगे तो लोगों से सीवरेज कनेक्शन लेने का आह्वान किया जाएगा। उन्होंने कहा हमने शहर में सीवरेज डलवा दिया और एसटीपी चालू हो जाएंगे तो लोगों से प्रार्थना करेंगे कि वह कनेक्शन ले। इसके लिए जनस्वास्थ्य विभाग को निर्देश भी जारी कर दिए गए हैं।

**रेलवे पुलों के निर्माण को लेकर अधिकारियों से की गई चर्चा**

गृह मंत्री अनिल विज ने बताया कि अम्बाला छावनी में चार रेलवे फाटक के स्थान पर पुल रेल मंत्री जी द्वारा मंजूर किए गए थे। इनके कार्यों की बैठक में समीक्षा की गई जिनमें शाहपुर का अंडर ब्रिज जोकि बन चुका है और यहां सडक व स्ट्रीट लाइट लगना बाकि है जिसपर चर्चा की गई है। दूसरा मच्छौंडा फाटक का है जिसमें कुछ भूमि अधिगृहित की जानी है और इसपर चर्चा की गई। उन्होंने बताया इसके लिए पैसे मंजूर हो चुके हैं। इसी तरह नन्हेड़ा फाटक पर रेलवे ने अपना पुल बन चुका है और पुल को रोड से कनेक्ट करने का काम चल रहा है। इसी तरह घसीटपुर में टांगरी बांध रोड को जीटी रोड से जोड़ा जाएगा। घसीटपुर में फाटक पर अंडर ब्रिज बनाने के लिए पांच करोड़ रेलवे को जमा करा दिए है और रेलवे ने कहा कि जल्द इसका वर्क अलॉट कर काम शुरू किया जाएगा।

**वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट के चारों तरफ कंटीली तारें लगाने के निर्देश**

बैठक में गृह मंत्री अनिल विज ने विभागीय अधिकारियों को घसीटपुर में वॉटर टीटमेंट प्लांट के चारों ओर तारें लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गत दिनों जंडली में सेना के वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट में डूबने के कारण दो बच्चों की मृत्यु हो गई थी। इसको ध्यान में रखते हुए घसीटपुर में जो प्लांट है उसकी चारों ओर से तारें लगाकर सुरक्षा बढ़ाई जाए।

अमरूत योजना के द्वितीय चरण में पूरी छावनी में डलेगी स्ट्रॉम वॉटर लाइन, मंत्री विज ने रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए

गृह मंत्री अनिल विज ने बैठक के दौरान अमरूत योजना के द्वितीय चरण में स्ट्रॉम वॉटर पाइप लाइन सदर को छोड़ शेष अम्बाला छावनी में डालने के निर्देश दिए।

# नए संसद भवन के उद्घाटन को लेकर पुलिस की एडवाइजरी

## 28 मई को नई दिल्ली जिले के सभी रास्ते सुबह साढ़े पांच बजे से शाम तीन बजे तक आम लोगों के लिए बंद रहेंगे





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/दीपचंद्र काण्डपाल**
**28 मई** को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। कार्यक्रम के दौरान कोई भी खलल न हो इसके लिए दिल्ली पुलिस ने पूरी तैयारी कर ली है। 28 मई को नई दिल्ली जिले के सभी रास्ते सुबह साढ़े पांच बजे से शाम तीन बजे तक आम लोगों के लिए बंद रहेंगे। केवल सार्वजनिक परिवहन, सिविल सेवा परीक्षा के उम्मीदवार, स्थानीय निवासी और आपातकालीन वाहनों को ही जाने दिया जाएगा। उद्घाटन वाले दिन जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में महिला खाप पंचायत करने की योजना है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि दिल्ली पुलिस की कोशिश होगी की महिला खाप पंचायत का आयोजन न हो, इसको लेकर अनुमति नहीं दी गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि नई दिल्ली जिले में 20 से ज्यादा कंपनी तैनात की जाएंगी, जिसमें 10 से ज्यादा महिला कंपनी तैनात होंगी। इतना ही नहीं सूत्रों ने ये भी बताया कि संसद के पास के मेट्रो स्टेशन बंद रहेंगे। 28 मई को दो मेट्रो स्टेशन को बंद करने के लिए दिल्ली मेट्रो को पत्र लिखा गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि महिला खाप पंचायत के समर्थन में उत्तर प्रदेश और हरियाणा से किसान दिल्ली में दाखिल होने की कोशिश करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, तकरीबन 90 खाप पंचायतें, जिसमें लोगों की संख्या 3000 के करीब है, वो दिल्ली में दाखिल हो सकते हैं। इसको लेकर अधिकारियों की एक हाई लेवल मीटिंग में तय किया गया है कि कोई भी दिल्ली में दाखिल न हो पाए। इसके लिए दिल्ली के सभी बार्डर पर बैरिकेडिंग की जाएगी। एडवाइजरी के अनुसार, मदर टेरेसा क्रिसेंट रोड, तालकटोरा गोल चक्कर, बाबा खड़क सिंह रोड, गोल डाक खाना,अशोक रोड, पटेल चौक गोल चक्कर, विंडसर प्लेस, जनपथ, अकबर रोड, तीन मूर्ति मार्ग यातायात के लिए प्रतिबंधित रहेंगे।

### बंदोबस्त

= उद्घाटन वाले दिन जंतर मंतर पर प्रदर्शन कर रहे पहलवानों के समर्थन में महिला खाप पंचायत करने की योजना है

## संसद भवन के उद्घाटन में खलल डाल सकती है खाप



**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी रविवार 28 मई को नवनिर्मित संसद भवन का उद्घाटन करेंगे। नए संसद भवन के उद्घाटन कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की खलल न हो इसके लिए दिल्ली पुलिस तैयारियां पूरी कर ली हैं। नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के लिए नए संसद भवन के आसपास दिल्ली पुलिस के करीब 70 पुलिसकर्मियों के स्टाफ को तैनात किया गया है।

सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक, नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के लिए संसद भवन के आसपास 24 घंटे सुरक्षा कर्मियों को तैनाती रहेगी। इसके लिए करीब दिल्ली पुलिस के 70 पुलिसकर्मियों के स्टाफ को तैनात किया गया है। एसीपी रैंक के अधिकारी सीसीटीवी से निगरानी कर रहे हैं।

# डीयू में अब मोहम्मद इकबाल को नहीं पढ़ाया जाएगा



**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**दिल्ली** आकदमिक परिषद की बैठक में कट्टर धार्मिक विद्वान मोहम्मद इकबाल को राजनीति विज्ञान पाठ्यक्रम से हटाने का फैसला किया गया है। इसे बीए के छठे सेमेस्टर के पेपर में आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचार शीर्षक से शामिल किया गया था। देश के बंटवारे के लिए मोहम्मद अली जिन्ना के बराबर ही मोहम्मद इकबाल को भी जिम्मेदार माना जाता है। परिषद की बैठक में महात्मा गांधी को भी चौथे सेमेस्टर से हटाकर सातवें सेमेस्टर में शामिल कर दिया गया है। गांधी की जगह वीर सावरकर को चौथे सेमेस्टर में पढ़ाया जाएगा। सदस्यों के विरोध के बाद भी यह फैसला किया गया है। शुक्रवार को हुई परिषद की बैठक में विभिन्न विषयों के चौथे, पांचवें और छठे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम पर चर्चा हुई।

अविभाजित भारत के सियालकोट में 1877 में जन्मे इकबाल ने प्रसिद्ध गीत 'सारे जहां से अच्छा' लिखा था। उन्हें अक्सर पाकिस्तान का विचार देने का श्रेय दिया जाता है। अधिकारियों ने कहा कि 'आधुनिक भारतीय राजनीतिक विचार' नाम का अध्याय बीए के छठे सेमेस्टर के पाठ्यक्रम का हिस्सा है।

# प्रकृति की गोद में छिपा मधुमेह का उपचार

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बाजार में** मधुमेह की नित नई-नई दवाएं आ रही हैं लेकिन बीमारी का दायरा सालाना बढ़ता जा रहा है। ऐसे में वर्ल्ड जर्नल ऑफ डायबिटीज में प्रकाशित एक ताजा अध्ययन बताता है कि मधुमेह का उपचार प्रकृति की गोद में छिपा है और जरूरत सिर्फ गहराई से शोध करने की है। इससे मधुमेह की रोकथाम के मौजूदा प्रयासों को एक नई दिशा मिल सकती है। पांडिचेरी स्थित जवाहरलाल स्नातकोत्तर चिकित्सा शिक्षा एवं अनुसंधान संस्थान (जेआईपीएमईआर) और पश्चिम बंगाल के कल्याणी स्थित अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के शोधकर्ताओं के इस संयुक्त अध्ययन में बताया कि प्रकृति में करीब 400 ऐसे




औषधीय पादप मौजूद हैं जो रक्त में शर्करा की मात्रा को कम करने में कारगर हो सकते हैं जो टाइप 2 मधुमेह रोग के नियंत्रण के लिए जरूरी है। हालांकि इनमें से अभी तक 21 औषधीय पादप के बारे में ही प्रभावी अध्ययन हुए हैं। जबकि आठ औषधीय पादपों को लेकर आंशिक आंकड़े मौजूद हैं। अध्ययन में यह भी बताया कि विजयसार, जामुन, जीरा, दारुहरिद्रा, एलोवेरा, बेल, मेथी, अदरक, नीम, आमला सहित 21 पादप में मौजूद सक्रिय तत्व शर्करा को कम करते हैं। इनमें कई पादपों से मधुमेह रोधी दवाएं बनी हैं जिनका मरीजों के इलाज में काफी असर मिला है। इन्हीं में से एक दवा बीजीआर-34 को वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) ने गहन अध्ययन के बाद तैयार किया जिसे बाजार में वितरण के लिए एमिल फार्मास्युटिकल्स को हस्तांतरित किया गया। जानकारी के अनुसार, बीजीआर-34 दवा में एक नहीं बल्कि चार औषधि दारुहरिद्रा, गुड़मार, मेथी और विजयसार से प्राप्त विभिन्न प्रभावी फाइटो कंपाउंड हैं।

# आप विधायक और पत्नी की सजा पर फिर टली सुनवाई

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**आप विधायक** अब्दुल रहमान और पत्नी आसमा की सजा पर फैसला शनिवार को भी टल गया। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट अब 30 मई को सजा पर फैसला सुना सकती है। अब्दुल रहमान उत्तर पूर्वी दिल्ली में सीलमपुर से आप विधायक हैं। 2009 में एक स्कूल की प्रिंसिपल रजिया बेगम पर हमला मामले में उन्हें कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अब्दुल रहमान और उनकी पत्नी असमा पर आरोप था कि उन्होंने रजिया को मारा, जान से मारने की धमकी देते हुए अपशब्द कहे और ड्यूटी करने से रोका। इससे पहले कोर्ट ने अपने फैसले में कहा था कि दोनों ने एक समान मकसद से सरकारी स्कूल की प्रिंसिपल के साथ हाथापाई की, सरकारी अधिकारी के कामकाज में न केवल बाधा डाली बल्कि उसे चोट भी पहुंचाई। कोर्ट ने आईपीसी की धारा 353/506 और 34 के तहत दोनों को दोषी करार दिया था।

### फैसले की उम्मीद

= अब्दुल सीलमपुर से आप विधायक हैं। 2009 में एक स्कूल की प्रिंसिपल पर हमला मामले में कोर्ट ने दोषी करार दिया है



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल कुमार ने प्रदेश कार्यालय में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं0 जवाहरलाल नेहरु की 49वीं पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी तस्वीर पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धाजंलि अर्पित की।

# मॉल में सजी मंडीः सेक्स रैकेट मामले में सनसनीखेज खुलासा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली/गाजियाबाद**
**गाजियाबाद** के साहिबाबाद के पैसेफिक मॉल के आठ स्पा सेंटरों में देह व्यापार कराने वाले आरोपी मालिक और मैनेजर पर डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन विवेक चंद्र ने 20-20 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम के साथ थाने की तीन टीमों को दबिश में लगाया है। फरार आरोपियों की अंतिम लोकेशन दिल्ली की मिली है। पुलिस ने देर रात में उनके संभावित जगहों पर दबिश दी लेकिन कोई पकड़ में नहीं आया। वहीं, देह व्यापार का भंडाफोड़ होने के बाद टीएचए के थाना क्षेत्रों में चल रहे 100 से अधिक स्पा सेंटर डीसीपी के रडार पर आ गए हैं। पुलिस की विशेष टीम संचालकों की कुंडली खंगालने में जुटी है। एलआईयू से भी रिपोर्ट ली जा रही है। डीसीपी विवेक चंद्र का कहना है कि राज थेरेपी सेंटर का मालिक रिंकू और राजकुमार, स्वाधिका थेरेपी सेंटर का मालिक दीपक, द हैवन थेरेपी सेंटर का मालिक विशाल उर्फ कपिल, अरमान थेरेपी सेंटर का मालिक दीपक, अरोमा थेरेपी सेंटर का मालिक मोहन, अरमान सेंटर का ही मालिक पिंटू गिरी, रॉयल सेंटर का मालिक गौरव वर्मा और एस-2 सेंटर का मैनेजर आशीष कुमार जबकि मालिक साहिद व द रुद्रा थेरेपी सेंटर के मालिक राहुल चौधरी छापे की कार्रवाई के दौरान से ही फोन बंद करके फरार हैं। आरोपियों की तलाश में टीमें अलग-अलग जगह पर दबिश दे रही हैं। उनकी अंतिम लोकेशन दिल्ली की मिली है। इन सभी पर आरोप है कि वे युवतियों के आपत्तिजनक फोटो व वीडियो को वायरल करने की धमकी देकर देह व्यापार करा रहे थे। ऐसे में उनकी गिरफ्तारी के लिए यह इनाम घोषित किया गया है। युवतियों ने इन सभी आरोपियों के नाम और पते बताए थे।

### धर-पकड़ जारी

= फरार आरोपियों की अंतिम लोकेशन दिल्ली की मिली है। पुलिस ने देर रात में उनके संभावित जगहों पर दबिश दी




**ट्रांस हिंडन में 100 से अधिक स्पा सेंटर रडार परः** मॉल के अंदर देह व्यापार का भंडाफोड़ होने के बाद डीसीपी ने थाना प्रभारियों को अपने अपने क्षेत्र के स्पा सेंटरों की कुंडली खंगालने के निर्देश दिए हैं। पुलिस को अनुमान है कि इंदिरापुरम, साहिबाबाद, खोड़ा, कौशांबी और लिंकरोड के अलावा शालीमार गार्डन व टीलामोड़ में 100 से अधिक स्पा सेंटर खुले हैं जिनमें इस तरह का गलत काम कराए जाने का शक है। लिहाजा विशेष टीम इन सेंटरों की गोपनीय तरीके से जांच कर रही है। खास बात है कि पिछले दिनों एलआईयू से भी स्पा सेंटरों की जानकारी ली गई थी। उसके आधार पर सूचना पुख्ता होने पर छापे की कार्रवाई की गई थी।

**तत्कालीन डीसीपी के आदेश पर मालिक व संचालक हो गए थे बैचेनः** तत्कालीन डीसीपी डॉ. दीक्षा शर्मा ने सभी स्पा सेंटरों को बंद करने के निर्देश दिए थे। इससे संचालक और मालिकों में बैचेनी बढ़ गई थी। एसीपी इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह का कहना है कि पूर्व में हुई कार्रवाई के बाद सेंटरों के लोगों ने नियमों के आधार पर संचालन करने की बात कही थी। तब उनके लिए निम्न नियम बनाए गए थे।

# बारिश ने रोकी सड़क से लेकर आसमान तक की रफ्तार



**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**दिल्ली** समेत पूरे एनसीआर इलाके में शनिवार सुबह तेज हवा के साथ हुई बारिश से मौसम का मिजाज बदल गया है, जहां एक तरह लोगों मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं तो कई जगह तेज हवा की वजह से पेड़ गिर गए हैं। साथ ही सुबह कई घंटे हुई बारिश से दिल्ली-एनसीआर के कई सड़कों पर जलभराव हो गया है। इसी को ध्यान में रखते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने एडवाइजरी जारी करते हुए कई रास्तों से यात्रा न करने की सलाह दी है।

**ट्रैफिक पुलिस ने जारी की एडवाइजरीः** ट्रैफिक पुलिस की एडवाइजरी के अनुसार, लाडो सराय ट्रैफिक के पास पेड़ गिरने से अणुव्रत मार्ग पर लाडो सराय से पीटीएस मालवीय नगर की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित है। वहीं, सब्जी मंडी दरियागंज के सामने एक बस के खराब हो जाने से दिल्ली गेट से लाल किले की ओर जाने वाले कैरिज वे में नेताजी सुभाष मार्ग पर यातायात बाधित है। कृपया इन मार्गों से यात्रा करने से बचें।

**प्रभावित हुआ विमानों का संचालनः** राजधानी दिल्ली-एनसीआर में तेज आंधी के साथ हो रही बारिश के कारण दिल्ली एयरपोर्ट पर विमानों का परिचालन प्रभावित हुआ है। दिल्ली एयरपोर्ट प्राधिकरण ने कहा, "खराब मौसम की वजह से दिल्ली एयरपोर्ट पर आने वाली छह फ्लाइट्स को जयपुर के लिए डायवर्ट गईं थीं।

### बारिश के साथ आफत

= लाडो सराय ट्रैफिक के पास पेड़ गिरने से लाडो सराय से पीटीएस मालवीय नगर की ओर जाने वाला मार्ग बाधित हो गया

# अब खून की जांच से ही पकड़ में आ जाएगा अल्जाइमर




**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**बुजुर्गों** में होने वाले अल्जाइमर रोग की पहचान खून की जांच से हो सकेगी। एम्स के जैव भौतिकी विभाग ने वृद्धावस्था चिकित्सा और न्यूरोलॉजी विभाग के सहयोग से अल्जाइमर रोग के शुरूआती निदान के लिए डायग्नोस्टिक ब्लड प्रोटीन की खोज की है। इसकी मदद से पता चल जाएगा कि बुजुर्ग में अल्जाइमर रोग है या नहीं। अगर शुरू होने वाले हैं तो इसके लक्षण का भी इस जांच से पता चल जाएगा। इस शोध के लिए एम्स ने वृद्धावस्था चिकित्सा विभाग में आने वाले 100 से अधिक बुजुर्गों का चयन किया। करीब तीन साल के शोध काल में इनके ब्लड सैंपल लिए गए और जांच की गई। जांच के दौरान अल्जाइमर रोग के रक्त में सिर्टुइन नामक एक नए प्रोटीन की पहचान की है जो समय के साथ रोगी में धीरे-धीरे कम होता है और शरीर को नुकसान पहुंचाता है। इस जांच में सिर्टुइन प्रोटीन की मदद से अल्जाइमर रोग की पहचान हो सकी। इस बारे में एम्स के बॉयोफिजिक्स विभाग की प्रोफेसर डॉ. शर्मिष्ठा डे ने बताया कि इस शोध से देश में लाखों बुजुर्गों को राहत मिलेगी। अब तक मस्तिष्क मेरु द्रव (सीएसएफ जांच) की जांच से अल्जाइमर का पता लगाया जाता है, जो काफी देर होने के बाद परिणाम देता है। खून की जांच से अल्जाइमर की पहचान की विधि में कई जैविक अणु की जांच की गई जो अल्जाइमर रोग के पैथोफिजियोलॉजी में भूमिका निभाते हैं। यह अल्जाइमर के लिए कारण हो सकते हैं।

### खोज

= न्यूरोलॉजी विभाग के सहयोग से अल्जाइमर रोग के शुरूआती निदान के लिए डायग्नोस्टिक ब्लड प्रोटीन की खोज की है

# पुलिस पहली बार इंटरएक्टिव वीडियो से करेगी जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**दिल्ली** पुलिस साइबर बुलिंग, फोटो के साथ छेड़छाड़ व अश्लीलता, धमकी भरे मेल और व्यक्तिगत सूचनाएं लीक होने के मामले में इंटरएक्टिव वीडियो के माध्यम से जागरूक करेगी। इसके जरिए बच्चों को उनकी सोच के अनुरूप जागरूक किया जाएगा। ये भी बताया जाएगा कि बच्चों को क्या, कब और कैसे करना है। दिल्ली हाईकोर्ट की पहल पर दिल्ली पुलिस ने ये कदम उठाया है। खास



बात ये है कि पूरे देश में इंटरएक्टिव वीडियो पहली बार बनाई गई है। पुलिस का कहना है कि इन वीडियो के जरिए दिल्ली के बाद पूरे देश में जागरूकता लाने का प्रयास किया जाएगा। स्पेशल सेल की आईएफएसओ पुलिस उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि दिल्ली समेत देश में बच्चों समेत अन्य लोग साइबर बुलिंग, फोटो आदि से छेड़छाड़, धमकी भरे मेल, व्यक्तिगत सूचनाएं सोशल मीडिया पर लीक होने व अनजान व्यक्ति से बात करने के शिकार हो रहे हैं। ऐसे में लोगों को जागरूक करने के लिए इंटरएक्टिव वीडियो का सहारा लिया गया है। एक अन्य अधिकारी ने बताया कि इन वीडियो से बच्चों को उनकी सोच के अनुरूप जागरूक किया जाएगा। अधिकारी ने बताया कि अभी चार वीडियो बनाई गई हैं। इनमें से दिल्ली हाईकोर्ट में साइबर बुलिंग और ऑनलाइन लुटेरा( ऑनलाइन प्रिडेटर) पर बनी दो वीडियो जारी की गई हैं। दो वीडियो और बना ली गई है और इन्हें जल्द ही जारी किया जाएगा। उपायुक्त प्रशांत गौतम ने बताया कि दिल्ली हाईकोर्ट की पहल पर आईएफएसओ ने देश में पहली बार इस तरह की इंटरएक्टिव वीडियो बनाई है।

## त्रिलोकपुरी में सरेआम युवक की चाकू घोंपकर हत्या

**नई दिल्ली।** पूर्वी दिल्ली के कल्याणपुरी थाना क्षेत्र के त्रिलोकपुरी इलाके में शनिवार को मॉर्निंग वॉक कर रहे दो भाइयों पर एक साथ 12 से अधिक बदमाशों ने हमला कर दिया। हमले में 17 साल के लड़के की चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। हमले में लड़के का बड़ा भाई गंभीर रूप से घायल हो गया है। मृतक लड़के पर चाकू से 20 से ज्यादा वार किया गया। सरेआम हुई इस हत्याकांड से इलाके में तनावपूर्ण माहौल है। पुलिस ने कहा कि हत्या और हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# पुराना संसद भवन एक 100 साल पुरानी इमारत थी...

## पुराना संसद भवन 100 साल पुराना है। उसकी बनावट अच्छी है। हैरिटेज बिल्डिंग हैः लोकसभा की पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन

**टीम एक्शन इंडिया/दिल्ली**
**नए** संसद भवन पर घमासान मचा हुआ है। विपक्ष ने सरकार को घेरने के लिए 28 मई को होने जा रहे लोकार्पण कार्यक्रम का बहिष्कार करने की घोषणा की है। इस बीच लोकसभा की पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन का कहना है कि मेरे कार्यकाल में ही नए संसद भवन का प्रस्ताव आगे बढ़ा था। बैठक में सहमति बनी थी। जमीन भी तय हुई थी। विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर नए संसद परिसर का स्वागत करना चाहिए। नए संसद भवन की जरूरत पर कांग्रेस समेत तमाम दल सवाल उठा रहे हैं। इस पर इंदौर की पूर्व सांसद सुमित्रा



महाजन ने कहा कि नया संसद भवन आवश्यक था। पुराना संसद भवन एक 100 साल पुरानी इमारत थी। परिसीमन के बाद लोकसभा के सदस्य बढ़े हैं, लेकिन संसद भवन में कुर्सियां नहीं बढ़ी। सदन में जब भी शत-प्रतिशत उपस्थिति होती थी, सदस्यों को फंस-फंसकर बैठना पड़ता था। बीच में बैठे सदस्य तो निकल भी नहीं पाते थे।

**100 साल पुरानी हेरिटेज बिल्डिंग है पुरानी संसदः** पूर्व स्पीकर ने कहा कि पुराना संसद भवन 100 साल पुराना है। उसकी बनावट अच्छी है। हैरिटेज बिल्डिंग है। नए भवन की मांग लंबे समय से उठ रही थी। पुराने भवन में कई दिक्कतें थी। एक सांसद ने तो खुद को खंबा पीड़ित सांसद कहना शुरू कर दिया था। वजह यह थी कि उनकी बैठक व्यवस्था कुछ इस तरह थी कि खंबा आड़े आ जाता था। जब भी उन्हें बोलना होता था, तो मैं अनुमति देती थी और वह आगे की बैंच पर आकर अपनी बात रखते थे। संसद में नियम है कि सांसद अपनी सीट पर खड़े रहकर ही बोल सकता है। खंबों की वजह से कुछ सांसद आसंदी से दिखाई ही नहीं देते थे। ऐसे में उन्हें अनुमति देती थी, तब वे आगे आकर बोल पाते थे।

**गैस पाइपलाइन तक में आई थी दिक्कतः** सुमित्रा महाजन ने लोकसभा स्पीकर के अपने कार्यकाल में कई बदलाव भी किए। उन्होंने कहा कि पुराने भवन में रसोईघर में पहले गैस की टंकियां छत पर रखी जाती थी।

### बवाल...

= विपक्ष को राजनीति से ऊपर उठकर नए संसद परिसर का स्वागत करना चाहिए: पूर्व स्पीकर सुमित्रा महाजन

## न्यूज फ्लैश

### समर कैंप में महिलाओं को स्वयं की केयर के लिए दिया जाएगा प्रशिक्षण



**गन्नौर: समर कैंप में** महिलाओं को स्वयं की केयर के लिए निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। रेलवे रोड पूनम ब्यूटी सैंटर संचालिका पूनम चौहान ने बताया कि महिलाओं व लड़कियों के लिए निशुल्क रजिस्ट्रैशन शुरू हो गए है। पूनम चौहान ने बताया कि कैंप में महिलाओं को ब्यूटी कोर्स की ट्रैनिंग दी जाएगी। इसके बाद वे अपनी अच्छे से केयर कर सकेगी। इसके अलावा गांवों व शहर में खुद का ब्यूटी सैंटर खोलकर आत्म निर्भर हो सकेगी। कैंप उन महिलाओं के लिए अच्छा रहेगा जो अपनी केयर के लिए पैसे खर्च करती है। अब वे अपना काम खुद कर सकेगी और आत्म निर्भर भी बन सकेगी। उन्होंने बताया कि कैंप में हेयर, स्कीन, मेकअप व इससे संबंधित जागरूक किया जाएगा।

### आरएमपीएल ने बीसीसीआई, जीसीए, गुजरात टाइटन्स, डीएनए के खिलाफ मुकदमा दायर किया

**नई दिल्ली।** साउंड रिकॉर्डिंग के प्रबंधन के लिए भारत सरकार द्वारा पंजीकृत एकमात्र कॉपीराइट सोसाइटी – द रिकॉर्डेड म्यूजिक परफॉर्मेंस लिमिटेड (आरएमपीएल) ने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए गुजरात टाइटन्स गेम्स में चलाए गए गानों के लिए अहमदाबाद में अपने एक सदस्य की ओर से कॉपीराइट उल्लंघन का मुकदमा दायर किया है। गौरतलब है कि पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के खिलाफ भी एक गाने के कॉपीराइट उल्लंघन की शिकायत आरएमपीएल ने चंडीगढ़ के निकट मोहाली में दर्ज कराई है। इसी तरह, लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) के खिलाफ लखनऊ में एक पुलिस शिकायत की गई है। आरएमपीएल ने बीसीसीआई, भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड, डीएनए, गुजरात टाइटन्स द्वारा अपने खेलों के दौरान मनोरंजन का प्रबंधन करने हेतु नियुक्त बैंगलोर स्थित कंपनी को बुलाने के लिए कई नोटिस भेजे, फिर भी गाने बजाना जारी रखा गया, जिनके अधिकार आरएमपीएल के पास हैं। इसीलिए उसे डीएनए और गुजरात टाइटन्स के खिलाफ गांधीनगर में कमर्शियल अदालत के समक्ष एक मुकदमा दर्ज कराने के लिए बाध्य होना पड़ा। आरएमपीएल के सीईओ, सौम्या चौधरी ने कहा, "आरएमपीएल भारत में एक ऐसा मंच तैयार करने की राह पर है, जहां आरएमपीएल के साथ पंजीकृत सभी म्यूजिक लेबल्स को उनका वाजिब बकाया मिल सकेगा। हम यह सुनिश्चित करते हैं कि हमारे सदस्यों से संबंधित संगीत के यूजर्स को कॉपीराइट कानून के बारे में पहले से ही उचित जानकारी प्रदान की जाए। अगर फिर भी वे अनदेखी करते हैं और जानबूझकर संज्ञेय अपराध करते हैं, तो हम उन पर कानूनी कार्रवाई करने के लिए मजबूर होंगे। इस पर आगे टिप्पणी करते हुए, चौधरी ने कहा, "आईपीएल मैचों में हमारे संगीत का उपयोग करने के लिए लाइसेंस शुल्क का भुगतान करने हेतु, ईवेंट मैनेजमेंट कंपनी– डीएनए नेटवर्क के प्रतिनिधियों से बात करने के कई बार प्रयास किए गए। लेकिन उन्होंने हमारे मौखिक और लिखित संदेशों को अनदेखा किया। इसके बाद हमने बीसीसीआई (भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड) को पत्र लिखे, लेकिन फिर से कोई सुनवाई नहीं हुई। अंत में, हमें गांधीनगर में माननीय अदालत के दरवाजे पर दस्तक देने के लिए मजबूर होना पड़ा, जिसने 1957 के कॉपीराइट अधिनियम के पक्ष में फैसला सुनाया, जिससे हमें आगे भी देश के कानून को मनवाने का हौसला मिला है।"
उन्होंने कहा, "हम आरएमपीएल लाइसेंस नहीं लेने वालों और जानबूझकर देश के कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पूरे भारत में इसी तरह के मामले दायर करके इस मुद्दे को आगे बढ़ाएंगे।"

### दिल्ली में श्रीराम लाइफ ने अपने एपेक्स चैनल के कार्यालय का किया शुभारंभ

**लक्ष्मी नगर।** सभी वर्गों की सुरक्षा और जीवन बीमाओं की पूरी जानकारी देने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल के पूरे देश में कार्यलय खोले जा रहे है। इसी कड़ी में श्रीराम लाइफ ने अपना अपैक्स चैनल का कार्यलय का शुभारम्भ दिल्ली के लक्ष्मी नगर में किया गया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में श्रीराम लाइफ के बिजनेस हेड टॉप सिटीज उत्कर्ष चौधरी, सर्किल हेड विनोद शाह, ब्रांच हेड मंजय ठाकुर और सभी अभिकर्ता सीमा देवी, माला कुमारी, सुनील जैन, कमलेश देवी, विकास कुमार उपस्थित रहे। इस दौरान उत्कर्ष चौधरी ने बताया कि श्रीराम ग्रुप इस साल अपनी स्थापना की गोल्डन जुबली मना रहा है व व वित्तीय क्षेत्र में 50 वर्षों से बनी विश्वसनीयता को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से अपैक्स चैनल इस साल 50 नए कार्यालय खोलने जा रहा है। उन्होंने आगे कहा कि ये चैनल के जरिए सभी उम्र के वर्गों के लिए बिमा सुरक्षा में फायदे से जुड़े नए प्लान्स लॉन्च किए है। कंपनी अपने स्वर्ण जयंती उत्पाद के लिए शुद्ध इक्विटी, डेट और हाइब्रिड फंड सहित कई तरह के फंड की पेशकश कर रही है। इस कार्यक्रम के मौके पर गोल्डन जुबली यूनिट लिंक्ड प्लान भी लॉन्च किया गया है।

# बरसात व तेज आंधी ने गर्मी से राहत दिलाई

## शहर कई जगह पेड़ सड़कों पर पेड़ गिरने से यातायात रहा बाधित



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। शनिवार सुबह हुई तेज** बरसात व आंधी के चलते कही बिजली के पोल तो कही पर सड़क पर पेड़ गिरने से यातायात व बिजली बाधित रही। भोगीपूर पावर हाऊस से जुड़े आसपास के आधा दर्जन गांवों में बिजली आपूर्ति कई घंटे बंद रही। लोगों को जहां गर्मी से राहत मिली वही कुछ पेरशानियों का सामना करना पड़ा। शनिवार सुबह अचानक मौसम बदला और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। बरसात से लोगों ने गर्मी से राहत मिली वहीं तेज आंधी के चलते सड़कों पर बड़े पेड़ गिर गए जिसके चलते सड़क मार्ग अवरुद्ध हो गए तो कही पर बिजली के पोल गिरने से घंटों बिजली गुल रही। भोगीपुर -गन्नौर सड़क मार्ग पर कई जगह पेड़ टूट कर सड़क पर गिर गए जिसके चलते राहगिरों को काफी परेशानी का सामना गरना। उक्त मार्ग से गुजरने वालो को रास्ता बदलकर कई किलोमीटर घूमकर अपने गंतव्य पर पहुंचे। राहगीर प्रमोद, मंजीत, सुरजीत व प्रदीप ने बताया कि मौसम खराब था और वे गन्नौर जाने के लिए अपने अपने वाहनों से निकले थे लेकिन गांव से करीब दो किलोमीटर जाने के बाद देखा तो कई जगह पेड़ टूटकर सड़क पर गिरे हुए थे कुछ पेड़ों को साइड में करके कुछ सफर तय किया लेकिन आगे बहुत बड़ा पेड़ सड़क के बीचों बीच पड़ा था जिसने पूरे सड़क मार्ग को अवरुद्ध कर रखा था।

उन्होंने बताया कि वे वहां वापिस घूमकर राजलू गढ़ी व अगवानपुर गांव से होकर शहर पहुंचे। शहर में सड़क पर जलभराव के कारण दो पहिया वाहन तो बीच पानी में ही बंद हो गए जबकि चार पहिया वाहन चालकों को भी पानी से वाहन गुजारने में काफी दिक्कत का सामना करना पड़ा।

# रेनू विद्या मंदिर में दिव्यांग छात्रों के लिए सेमीनार लगाकर प्रोत्साहित किया

## विभिन्न क्रियाकलापों के बारे में छात्रों को विस्तार से बताया गया

**टीम एक्शन इंडिया/राई। रामेश्वर सेवा संस्थान** द्वारा संचालित रेनू विद्या मंदिर व सुशील गुप्ता मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वाधान में समर कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उदेश्य विद्याथियो को प्रोत्साहित उत्साहित प्रेरित करना व शिक्षण पर्शिक्षण के माध्यम से विभिन्न किर्या कलाप कराते हुए शिक्षको के द्वारा विद्यार्थियों को मुख्य में जोड़ना, आत्मनिर्भर एवं भविष्य के लिए तैयार करना है। समर कैंप में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे वर्षा नृत्य, नहाना,निम्बू पानी, फल एवं सलाद काटना, भेलपुरी बनाना, चित्रकारी, आर्ट एवं क्राफ्ट आदि के माध्यम से 4 दिवशीय किर्या कलाप को सफलता पूर्वक संपन्न करवाया गया। सभी विद्यार्थी बहुत उत्साहित और ऊर्जा से भरे हुए नज़र आये। ग्रीष्म कालीन अवकाश में रहन सहन एवं शिष्टाचार व्यव्हार व सामान्य ज्ञान सिखाना कार्यक्रम का मुख्य द्देश्य रहा।

स्कूल के निदेशक बिजेन्द्र सिंह ने कहा कि दिव्यांगजनो के लिए रेनू विद्या मंदिर सदैव ही सभी विद्यार्थीओ में सुधार करने के लिए हर संभव प्रयास के लिए समर्पित एवं तत्पर रहता है।

# सांड की टक्कर से बाइक सवार एक एक युवक की मौत, दूसरा की हालत गंभीर

## गांव बेगमपुर के एक पोल्ट्री फार्म से ददलाना गांव में जा रहे थे खाना का सामान लेने के लिये

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत जिला के गांव** ददलाना के नजदीक बाइक सवार दो युवकों को शुक्रवार रात को एक सांड ने टक्कर मार दी । जिसमें दोनों युवक सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए । घायलों को उपचार के लिए पानीपत के सरकारी अस्पताल लाया गया। जहां पर डॉक्टरों ने एक युवक को मृत घोषित कर दिया जबकि दूसरे युवक की हालत गंभीर होने पर उसको पीजीआई रोहतक रेफर कर दिया गया है। सदर थाना पुलिस ने शनिवार को मृतक युवक अजय के शव का सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस ने इस मामले में धारा 174 के तहत कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात को अजय कुमार (19) निवासी मोरंग नेपाल और शिवा (19 ) निवासी किशनगंज बिहार अब गांव बेगमपुर में एक पोल्ट्री फार्म पर काम करते थे। वे दोनो शुक्रवार रात को बाइक पर सवार होकर गांव ददलाना से खाने के लिए कुछ सामान लेने के लिये जा रहे थे। जैसे ही वे गांव ददलाना के पास पहुंचे तो खेतों से दौड़ता हुआ एक सांड आया और उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों युवक सडक पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को ईलाज के लिए सिविल अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने अजय को मृत घोषित कर दिया और शिवा की हालत गंभीर होने पर पीजीआई रैफर कर दिया गया। वहीं सदर थाना प्रभारी रामनिवास ने बताया कि गांव ददलाना के पास सांड के साथ बाइक टकराने से एक युवक की मौत हो गई थी।

### बीजेपी सरकार किसान विरोधी सरकार हैः जयंत

**मथुराः शनिवार को** मथुरा पहुंचे राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने कहा कि कहीं न कहीं किसानों व मजदूरों को समझ आ रहा है कि बीजेपी सरकार किसान विरोधी सरकार है। उन्होंने निकाय चुनाव में पार्टी के प्रदर्शन को बेहतर बताया और पार्टी के सिम्बल पर चुनाव लड़कर जीते प्रत्याशियों को बधाई दी। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी जयंत सिंह ने कहा कि निगम चुनावों में राष्ट्रीय लोकदल का बहुत अच्छा प्रदर्शन रहा है। साथ ही उन्होंने सामाजिक समरसता का पाठ पढ़ाया। इससे पहले जयंत चैधरी का गोकुल बैराज स्थित नरसीपुरम कार्यालय पर पार्टी कार्यकताओं ने जोरदार स्वागत किया। इस दौरान राष्ट्रीय लोकदल के जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह भरंगर ने बताया कि निगम चुनावों में राष्ट्रीय लोकदल का वोट प्रतिशत बढा है।

# पानीपत में पुठर, काबडी व रेरकलां गांवों में बनेंगे नये पीएचसी भवन

## एडीसी वीना हुडा एवं एसडीएम वीरेन्द्र ढुल ने किया अधिकारियों के साथ दौरा



**पानीपत/टीम एक्शन इंडिया जिला के** तीन गांवों काबडी, रेरकलां व पुठर में स्वास्थ्य विभाग द्वारा जल्द ही पीएचसी के लिए नये भवनों का निर्माण करवाया जायेगा और ये भवन सीएम घोषणा के तहत बनाये जायेंगे। नये भवन बनने से इन गांवों के निवासियों सहित आस-पास के क्षेत्र के लोगों को भी इनका फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए बनने वाले नये भवन आधुनिक सुविधाओं सहित डाक्टरों व अन्य स्टाफ के लिए निवास की सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। वहीं शनिवार को नये भवनों के निर्माण की जमीन को लेकर एडीसी वीना हुडा और एसडीएम पानीपत वीरेन्द्र ढुल ने सबंधित अधिकारियों के साथ तीनों गांवों का दौरा किया। एडीसी हुड्डा ने बताया कि ये नये भवन सबंधित ग्राम पंचायतों की जमीन में बनाये जायेंगे। जिसके लिये सभी सबंधित ग्राम पंचायत जल्द ही प्रस्ताव पास कर स्वास्थ्य विभाग को सौंप देंगी।

# मथुरा वृंदावन के चारों ओर बेतरतीब विकास से 'बिगड रही सूरत'

## धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से बेहद महत्वपूर्ण हो गए हैं मथुरा वृंदावन, बाहरी क्षेत्रों में जमीन खरीद कर प्लाटिंग और निर्माण की लगी है होड़

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा। धार्मिक पर्यटन** की दृष्टि से मथुरा वृंदावन बेहद महत्वपूर्ण हो गए हैं। शहर के आसपास तेजी से निर्माण कार्य हो रहे हैं। बाहरी क्षेत्रों में जमीन खरीद कर प्लाटिंग करने की होड़ सी लग गई है। इससे शहर के विकास की संभावनाओं को भी बट्टा लग रहा है और सूरत भी बिगड़ रही है। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने उपजिलाधिकारी सदर, मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण सचिव, नगर मजिस्ट्रेट, क्षेत्राधिकारी पुलिस सदर तथा अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत मथुरा को निर्देश दिए हैं कि छटीकरा से वृंदावन, अल्हैपुर से तेहरा जाने वाले मार्ग तथा छटीकरा राल रोड एवं गरूण गोविन्द मंदिर से वृन्दावन मार्ग तक निर्माण हो रहे भवन तथा प्लाटिंग की सूची बना लें। यदि कहीं बिना अनुमति के यह कार्य हो रहे हैं तो टीम बनाकर नियमानुसार कार्यवाही करते हुए रिपोर्ट प्रस्तुत करें। जिलाधिकारी के संज्ञान में आया है कि छटीकरा से वृन्दावन मार्ग स्थित प्रियाकान्त जू मंदिर एवं गणपति वृन्दावन मंदिर के समीप बिना अनुमति के अवैध रूप से निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। इसी प्रकार अल्हैपुर से तेहरा जाने वाले मार्ग पर भी कॉलोनी की प्लाटिंग सम्भवतः बिना अनुमति प्राप्त किए ही की जा रही है। इसी प्रकार छटीकरा राल रोड एवं गरूण गोविन्द मंदिर से वृन्दावन मार्ग की भी शिकायत प्राप्त हुई है कि वहां भी अवैध रूप से प्लाटिंग तथा निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं। यह आवश्यक है कि इन सभी प्रकरणों की प्लाटवार संयुक्त टीम गठित करते हुए निरीक्षण हो जाए तथा गाटावार इस बात की चैकिंग हो जाए कि किसी प्रकार का अवैध निर्माण एव प्लाटिंग तो नहीं की जा रही है। इस 30 मई से दो जून तक आपसी सामंजस्य करते हुए उपरोक्त उल्लिखित चारों मार्गों के प्रत्येक गाटे का गाटावार निरीक्षण कर लें। अवैध निर्माण और प्लाटिंग पाए जाने की दशा में नियमानुसार कार्यवाही करें तथा सात जून तक नजरी नक्शा के साथ गाटावार रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

### गावों में यमुना खादर में हो रहे अवैध निर्माणों पर ब्लडेढी नजरह्ल

**खादर** क्षेत्र के गांवों में बिना अनुमति के अवैध रूप से प्लाटिंग, निर्माण का कार्य किया जा रहा है। डीएम पुलकित खरे ने उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण को भौतिक सत्यापन के लिए टीम गठित करने के निर्देश दिये हैं। एक जून से सात जून तक विशेष अभियान के माध्यम से ऐसे निर्माणों को चिन्हत किया जाएगा। राजस्व विभाग की ओर से सम्बंधित तहसील के तहसीलदार को इस विशेष अभियान के लिए नामित किया गया है। अभियान के उपरांत सम्बंधित टीम द्वारा यह प्रमाणीकरण दिया जाएगा कि कोई भी अवैध निर्माण कार्य नहीं पाया गया तथा यदि अवैध निर्माण पाया गया हो तो उसके विरुद्ध क्या कार्यवाही की गई।

### अपनी धुन पर नाचना – आकांक्षा, ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल के डांस टीचर की कहानी

**गुरुग्राम।** 'हैप्पीनेस के शॉर्टकट हैं, और डांस उनमें से ही एक विधा है, आर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल की एक डांस टीचर आकांक्षा अपने छात्रों के बीच डांस सिखा रही हैं और खुशियां बाँट रही हैं। यह सिलसिला तब से शुरू हुआ जब मैंने एक एनजीओ के साथ काम किया और कुछ स्पेशल बच्चों को डांस सिखाना शुरू किया। आकांक्षा का मानना है कि डांस के जरिए ये बच्चे अपनी अन्य क्षमताओं को निखार पाते हैं। मैंने एक मूक-बधिर लड़की को पढ़ाया, और वह सबसे अच्छा अनुभव था जब मैंने उसमें बड़े सुधार देखे, और उसके माता-पिता बहुत खुश थे। साथ ही, मुझे एक लड़की को पढ़ाना याद है जो अपनी कक्षा में धीमी गति से सीखती थी। जब मैंने उसे डांस सिखाना शुरू किया, तो उसने स्कूल में बहुत अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया, आकांक्षा ने कहा।
वह केवल 16 वर्ष की थी जब एक कार्यक्रम था जहां उसने तमिल संगम उत्सव में हिप हॉप और टुटिंग नृत्य किया था। अरुण कुमार (तमिल संगम दिल्ली के ट्रस्टी) ने उन्हें देखा और उन्हें प्रशिक्षक के रूप में अपनी अकादमी में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया। आकांक्षा ने अपने दम पर नृत्य में अपना पेशा चुनने का विकल्प चुना और प्रयाग संगीत समिति से भरतनाट्यम में स्नातक और इग्नू से अंग्रेजी में एम.ए. पूरा किया। आकांक्षा 2021 में ऑर्किड्स द इंटरनेशनल स्कूल में शामिल हुईं और छात्रों को भरतनाट्यम, सेमी क्लासिकल, चार्ल्सटन, फोक और हिप हॉप सहित नृत्य के विभिन्न रूपों को सिखा रही हैं।" मुझे ऑर्किड्स में एक डांस शिक्षक होने की खुशी है। मैं स्पेशल बच्चों को भी डांस सिखाना जारी रखती हूं, और मेरा लक्ष्य अपनी खुद की अकादमी खोलना है जहां मैं लड़कियों और बच्चों को मुफ्त में प्रशिक्षित कर सकूं और साथ ही विशेष जरूरतों वाले बच्चों को मुफ्त शिक्षा प्रदान कर सकूं" आकांक्षा ने कहा।

### नीम बाड़ी को बेहतर रूप से किया जाएगा विकसित

**टीम एक्शन इंडिया/मथुरा पैदल चलना** स्वास्थ्य के लिए अच्छा होता है। पैदल चलने के लिए रास्ता कच्चा और चारों ओर से नीम के पेडों से घिरा रहो तो वॉक का लाभ और बढ़ जाता है। इसी को देखते हुए नीमबाड़ी को बेहतर रूप से विकसित करने पर ध्यान दिया जा रहा है। जिलाधिकारी पुलकित खरे ने प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी, अधिशासी अभियन्ता दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम मथुरा कैन्ट, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता अपर आगरा नहर मथुरा को निर्देश दिए कि नीमबाड़ी को बेहतर रूप से विकसित किया जाए। जिलाधिकारी के निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि मथुरा कैंट एरिया में नलवा पथ से मथुरा ब्लॉक रोड पर स्थित नीमबाड़ी को बेहतर रूप से विकसित किया जा सकता है, जिससे युवाओं एवं वृद्धजनों को शारीरिक व्यायाम एवं टहलने का लाभ मिल सके।

# डीएवी पब्लिक स्कूल में सदनों से छात्र चयनित



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। जयंती प्रसाद** डीएवी पब्लिक स्कूल में विद्यार्थी परिषद 2023-24 के लिए अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर स्कूल हेड ब्वॉय के रूप में रक्षित यादव, हेड गर्ल के रूप में इशिका, स्कूल सेक्रेटरी के रूप में अंशुल, वाइस हेड गर्ल शिवानी और वाइस हेड बॉय विनय को चयनित किया गया। पूरा स्कूल अग्नि, अंबर ,पृथ्वी और वायु सहित चार सदनों में विभाजित है। विद्यार्थी परिषद के लिए विद्यार्थियों का चयन विद्यालय में लड़के और लड़कियों में समान रूप से किया जाता है। अग्नि सदन से कृष और अंजलि , पृथ्वी सदन से दक्ष और जिया, अंबर सदन से भारत और योगिता एवं वायु सदन से रूनी और पलक को हाउस कैप्टन बनाया गया। इसके अतिरिक्त सभी सदस्यों से वाइस कैप्टन, स्पोर्ट्स कैप्टन, कोषाध्यक्ष, सचिव और एक्टिविटी मैनेजर का भी चयन किया गया। स्कूल के प्रधानाचार्य चंद्र प्रकाश ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि उनके जीवन में अनुशासन का बहुत महत्व होना चाहिए। स्कूल के सहयोगी कर्मचारियों से लेकर प्रधानाचार्य तथा विद्यालय के बाहर भी संपर्क में आए सभी को सम्मान देना प्रत्येक विद्यार्थी का उत्तरदायित्व है। उन्होंने विद्यार्थी परिषद में चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए समझाया कि आपको विद्यालय में सहायक मार्गदर्शक के रुप में अपना कार्य बहुत ईमानदारी के साथ करना है। स्कूल के शिक्षकों ने चयनित छात्रों को बधाई दी।

# कैंसर केयर अस्पताल में पीते के कैंसर का किया सफल ऑपरेशन



**टीम एक्शन इंडिया/अंबाला छावनी (मनीष कुमार) अंबाला छावनी** के अटल केंसर केयर अस्पताल रोगियों के लिए वरदान साबित हो रहा है जिन आप्रेशनों के लिए पहले लोगों को चडीगढ़, पीजीआई जाना पड़ता था अब नागरिक अस्पताल अंबाला छावनी के अटल कैसर केयर मे यह सुविधाएं मिल रही हैं। यहां के डॉक्टरों ने पित्ते के केंसर से पीडित महिला का सफल आप्रेशन किया जिसके बाद महिला व उनके परिजनों ने डॉक्टरों के साथ स्वास्थय मंत्री व हरियाणा सरकार का आभार जताते हुए कहा कि सरकार लोगों के हित मे कार्य कर रही हैं।
अटल कैंसर केयर के डॉक्टर जितेंद्र सिंह चौहान, गैस्ट्रो एंड ओनको सर्जन ने बताया कि गत दिवस लगभग 75 वर्षीय बिमला जिसे पित्त का कैंसर था यहां आई हमने उसकी सभी जांचे करवाई व ऑपरेशन करने का फैसला लिया। लगभग 3 घंटे तक यह आप्रेशन चला व महिला के शरीर से कैंसर को हटाया गया। व अब महिला पहले से बेहतर हैं। उन्होंने कहा कि पित्ते के कैंसर को लेकर पहले रोगियों को पीजीआई रेफर किया जाता था लेकिन यह हरियाणा के किसी सरकारी अस्पताल का पहला आप्रेशन हैं। यह पूरी तरह से निशुल्क किया गया।
उन्होंने बताया कि अटल कैंसर केयर में आगे भी रोगियों का निशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करवाई जाएगी। डा. जितेंद्र ने बताया कि अटल कैंसर केयर में रोगियों के लिए विभिन्न प्रकार की जांच व अन्य सुविधाएं उपलब्ध हैं।
वहीं महिला की बेटी पिंकी रानी ने बताया कि उनकी माता का सफल ऑपरेशन अटल कैंसर केयर में हुआ है इसके लिए वह अस्पताल के डॉक्टरों के साथ-साथ गृह मंत्री व हरियाणा सरकार का आभार प्रकट करती हैं। उन्होने यह भी बताया कि उनकी माता का ऑपरेशन पूरी तरह से निशुल्क हुआ हैं। महिला के अन्य परिजन रेखा रानी ने बताया कि उनकी माता का यहां पर निशुल्क सफल ऑपरेशन हुआ है इसके लिए वह डॉक्टरों व प्रदेश सरकार के आभारी हैं। जिन्होने यहां पर अनेक सुविधाओं से सुसज्जित अस्पताल का निर्माण करवाया। रोगी बिमला देवी ने बताया कि उसे 8-9 दिन तक बुखार हुआ जिसके बाद परिवार के सदस्य उसे अटल केंसर केयर अस्पताल लाए जहां पर पता चला कि उसके पित्ते मे कैंसर हैं यहां पर डा. जितेंद्र व उनकी टीम ने उसका सफल ऑपरेशन किया। महिला ने मुख्यमंत्री व स्वास्थ्य मंत्री का आभार जताआ।
एसएमओ यशपाल वर्मा ने बताया कि अंबाला के अटल कैंसर केयर अस्पताल मे अनेक सुविधाए उपलब्ध हैं। स्वास्थय मंत्री अनिल विज के प्रयासों से ही यह संभव हो सका हैं। उन्होने बताया कि यहां पर विभिन्न प्रकार के टेस्ट व

# रौनक पब्लिक स्कूल के कैडेट ने एनसीसी शिविर में दूसरा स्थान प्राप्त किया

▶▶ कर्नल अनिल यादव और एसएम सुरेश ने छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया



**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। रौनक पब्लिक** स्कूल के कैडेट ने पानीपत के नौलथा में आयोजित 12 एचएआर बीएन एनसीसी के 10 दिवसीय वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रम में दूसरा स्थान प्राप्त किया। कर्नल अनिल यादव और एसएम सुरेश ने छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया। आयोजित भाषण प्रतियोगिता में भी स्कूल की कैडेट प्रियल जैन को दूसरा पुरस्कार मिला है। प्रधानाचार्य इंद्रनाथ सिन्हा ने वापसी पर एनसीसी कैडेट का स्वागत किया और अच्छा प्रदर्शन करने नर बधाई देते हुए कहा कि इन कैडेट ने रौनक पब्लिक स्कूल का नाम रोशन किया है। सिन्हा ने कहा कि आगे भी वे ऐसा ही उम्दा प्रदर्शन करते रहेंगे। शिविर में कैडेट ने एकता और अखंडता का जो पाठ पढ़ा वह जीवनपर्यंत उनके काम आएगा। उन्होंने कहा कि आगे भी इस तरह के शिविर में हमारे कैडेट बढ़-चढ़कर भाग लेते रहेंगे।

## संपादकीय

# नया संसद भवन, नया भारत, नया सवेरा

**भारत का** मन उल्लास से भरा पूरा है। 28 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नए संसद भवन का लोकार्पण करेंगे। यह इतिहास का स्वर्णिम अध्याय होगा। लेकिन भारतीय स्वाभिमान के इस अवसर पर भी लगभग डेढ़ दर्जन राजनीतिक दल कार्यक्रम का बहिष्कार कर रहे हैं। वे राष्ट्रीय महत्व के इस अवसर पर भी अपनी राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं। गृहमंत्री अमित शाह ने इसे ओछी राजनीति बताया और कहा है कि, नया संसद भवन देश की सांस्कृतिक विरासत परंपरा व सभ्यता को आधुनिकता से जोड़ने का सुन्दर प्रयास है। इस ऐतिहासिक समारोह के साक्षी बनने के लिए सबको निमंत्रित किया गया है कि इस कार्यक्रम में सब लोग हिस्सा लें। उन्होंने कहा है कि इस कार्यक्रम को राजनीति से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए। यह भारतीय परम्पराओं व आधुनिकता से जुड़ने का महान क्षण है। इस स्थान का इतिहास भी महत्वपूर्ण है। दिल्ली कई सदियों से सत्ता का प्रमुख केन्द्र रही है। ब्रिटिश सत्ता ने प्रारम्भ में अपनी राजधानी कलकत्ता में स्थापित की थी और बाद में दिल्ली। तत्कालीन शासक किंग जार्ज प्रथम ने 12 दिसंबर 1911 में इसकी आधारशिला रखी थी। ब्रिटिश वास्तुकार एडविन लुटियंस और अलबर्ट बेकर ने इस नए नगर की योजना बनाई थी। लगभग बीस वर्ष बाद योजना पूरी हुई। 13 फरवरी 1931 को दिल्ली को राजधानी घोषित किया गया था। नए भवन की अनेक विशिष्टताएं हैं। नवनिर्मित संसद भवन में लोकसभा अध्यक्ष के आसन के पास सेंगोल की स्थापना की जाएगी। यह पांच फीट लंबा चांदी से बना दण्ड है। इस पर सोने की पालिश है। आठवीं सदी के बाद से लगभग आठ सौ वर्ष तक चोल साम्राज्य था। चोल साम्राज्य में सत्ता का हस्तांतरण इसी सेंगोल से होता था। विद्वान राजनेता सी. राजगोपालाचारी के सुझाव पर तमिलनाडु के तिरुवदुथुराई मठ ने इसे तैयार कराया था। इसके शीर्ष पर न्याय के रक्षक और प्रतीक नंदी अटल दृष्टि के साथ मौजूद हैं। चोल शिव उपासक थे। सेंगोल तमिल भाषा के शब्द सेम्मई से निकला है। इसका अर्थ धर्म निष्ठा और सच्चाई होता है। सेंगोल राजदण्ड भारतीय शासक की शक्ति और अधिकार का प्रतीक था। 14 अगस्त 1947 को पं. जवाहर लाल नेहरू ने तमिलनाडु की जनता से सेंगोल को स्वीकार किया था। ब्रिटिशों से सत्ता हस्तांतरण के लिए राजाजी ने चोल वंश के सत्ता हस्तांतरण से प्रेरणा लेने का सुझाव दिया। चोल वंश में एक राजा से दूसरे राजा को सत्ता सौंपते समय पुजारियों का आशीर्वाद लिया जाता था। सेंगोल का प्रतीकात्मक हस्तांतरण भी होता था। चोल राजवंश वास्तुकला और संस्कृति के संरक्षण में असाधारण योगदान के लिए प्रसिद्ध था। सी. राजगोपालाचारी के सुझाव के बाद तमिलनाडु के तिरुवदुथुराई मठ ने सेंगोल तैयार कराया था। पूरा भारत नए संसद भवन की खूबसूरती के साथ चोल साम्राज्य की प्राचीन परंपरा से भी जुड़ रहा है। संसद भारतीय संवैधानिक व्यवस्था की जीवमान सत्ता है। संसद के पास विधायी और संविधायी अधिकार हैं। भारत में ऋग्वेद के रचनाकाल के पहले से ही लोकतंत्र की धारा प्रवाहमान रही है। यहां देवताओं के सम्बंध में भी तर्क प्रतितर्क का वातावरण रहा है। यूरोपीय विद्वान ब्रिटिश संसद को विश्व लोकतंत्र की जननी बताते हैं। वस्तुतः भारत में ही लोकतंत्र और संसदीय संस्थाओं का जन्म और विकास वैदिक काल में ही हो चुका था। सभा और समितियां ऋग्वेद में हैं। महाभारत 18 पर्वों में विभाजित है। एक पर्व का नाम सभा पर्व है।

# नरेन्द्र भाई मोदी के साथ बीते पलों के कुछ संस्मरण



तिलकराज कटारिया

**कितने** प्रेरणादायक पलों का वर्णन करूँ, सोच नहीं पा रहा हूँ, परंतु मैं यहां केवल उन्हीं पलों का जिक्र कर रहा हूं, जो मेरे जीवन में टर्निंग पोइंट बने। मैं 1989 में लगभग 20 वर्षों के प्रचारक जीवन से वापिस लौटा था। इन 20 वर्षों में 15 वर्ष दिल्ली सायं-शाखाओं का दायित्व रहा व 5 वर्ष हरियाणा राज्य काप्रचारक के नाते कार्य किया। प्रचारक जीवन से वापिस आने के बाद 1989 में डा0 संतोख कौर, जो उस समय नेहरू होम्यो मेडिकल कालिज में रजिस्ट्रार थी-उनके साथ परिणय-बंधन में बंध कर गृहस्थ जीवन की शुरूआत की और तभी दिल्ली के पीतमपुरा में जीवन यापन हेतु केमिस्ट शॉप की भी शुरूआत की। अचानक एक दिन सुरेश वाजपेयी जी जो उस समय रा0स्व0संघ के दिल्ली प्रान्त कार्यवाह थे - पीतमपुरा की शाखा में आए और हमारे घर पर अल्प.... के लिए रूके तो कहने लगे चलो आपकी दवाईयों की दुकान देखते हैं। मैं उन्हें दुकान दिखाने ले गया - वहीं उन्होंने मुझे दिल्ली प्रान्त प्रचारक जी की इच्छा से अवगत कराते हुए कहा कि दिल्ली भाजपा के अध्यक्ष के रूप में प्रो0 ओमप्रकाश कोहली जी को तय किया गया है, अतः संगठन की योजना से आप भी उनकी टीम में काम करें। अर्थात संगठन निर्देशानुसार इच्छा न होते हुए भी 1991 में मैंने प्रो0 कोहली जी की टीम में चार जिलों के प्रभारी के रूप में

राजनैतिक सफर की शुरूआत की। उसके पश्चात कभी प्रदेश के समस्त प्रकोष्ठों का प्रभारी कभी मोर्चा का प्रभारी, कभी जिलों का प्रभारी व प्रदेश के वरिष्ठ उपाध्यक्ष के रूप में - विभिन्न कार्यकालों में सक्रिय भूमिका का निर्वाहन किया। मा0 केदारनाथ साहनी, विजय कुमार मल्होत्रा, मदन लाल खुराना, श्री मांगेराम गर्ग, विजेन्द्र गुप्ता, विजय गोयल व सतीश उपाध्याय की टीम में विभिन्न दायित्व निभाते हुए कभी बेटी बचाओ-बेटी पढाओ अभियान में कभी प्रदेश बूथ प्रबन्धन संयोजक के रूप में सक्रिय भूमिका का निर्वाह करते हुए 2017 में शालीमार बाग वार्ड 63 से पार्षद चुना गया तथा उ0दि0न0नि0 में स्थायी समिति अध्यक्ष व नेता सदन के रूप में सक्रिय भूमिका का निर्वाहन कर 2022 में अपना कार्यकाल पूर्ण किया है। इस प्रकार 20 वर्ष संघ में तथा 31 वर्ष भाजपा में मिला कर गत 51 वर्षों से सामाजिक व राजनैतिक क्षेत्र में सेवा करता आ रहा हूं। इस बीच अपनी रूचि के अनुरूप लगभग तीन वर्षों की मेहनत से मैने भारत की विश्व को देन विषय पर जयतु भारतम् नामक पुस्तक का लेखन किया। जिसका लोकार्पण 2013 में पूर्व राष्ट्रपति डा0 अब्दुल कलाम, डा0 मुरली मनोहर जोशी, मा0 अशोक सिंहल व प्रसिद्ध इतिहासकार डा0 देवेन्द्र स्वरूप व प्रो0 बजरंग लाल गुप्त के कर कमलों से हुआ। जिसकी एक हजार प्रतियां हाथों-हाथ बिक गई। आदरणीय अरूण जेटली व आदरणीया सुषमा स्वराज ने भी इस पुस्तक को पढा तथा आग्रह कर कहा कि इसका म्दहसपी म्कपजपवद तैयार कराना चाहिए। परंतु इसके अनुवाद के लिए मैं उपयुक्त व्यक्तित्व नहीं ढूंढ पाया जो इस पुस्तक का अक्षरशः अनुवाद ही नहीं बल्कि वस्तुपरक भावात्मक अनुवाद भी कर सके। प्रयासरत हूं कि इसका आंगल भाषा में अनुवाद हो जाए तो अच्छा है। हर्ष का विषय है कि मुझे 2015 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी को यूरोप सेवापसी दिल्ली आने पर उनका स्वागत करने का अवसर प्राप्त हुआ क्योंकि मैं उस समय प्रदेश भाजपा का वरिष्ठ उपाध्यक्ष था अतः उनकी स्वागत टीम में मेरा नाम भी रखा गया था। 24.11.2015 को उनके यूरोप से वापसी यात्रा पर मैने कोशिश की थी कि उनका स्वागत मैं अपनी स्वरचित पुस्तक जयतु भारतम् से कर सकूं। परंतु सुरक्षा अधिकारियों ने वह पुस्तक एयरपोर्ट पर अन्दर ले जाने की अनुमति नहीं दी। इसके बाद मुझे पता नहीं कि प्रधानमंत्री जी ने यह पुस्तक कभी देखी या पढी, मैं नहीं जानता। परंतु अचानक सम्भवतः वर्ष 2018 या 2019 में दीपावली के पूर्व भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय से फोन आया कि जयतु भारतम् पुस्तक की 50 प्रतियां गुजरात भेजने हेतु भेज दीजिए। मैने कौतुहलवश पूछा कि गुजरात में इतनी पुस्तक एक साथ भेजने की क्या आवश्यकता आन पड़ी। उन्होंने मुझे बताया कि इस बार गुजरात मंत्रीमंडल के दीपावली मंगल मिलन कार्यक्रम में प्रधानमंत्री जी सभी विशिष्ट नागरिकों को उपहार स्वरूप यह पुस्तक जयतु भारतम् अपने हाथों से वितरित करना चाहते हैं। अतः उन्होंने स्वयं इस पुस्तक का चयन किया है। मेरे लिए यह गर्व का विषय था, और मैं अचम्भित भी था, जो पुस्तक मैं हस्ताक्षर कर स्वयं उन्हें भेंट करना चाहता था, जिसे मैं उन्हें अपने हाथो से न दे सका, जो कि आज भी वह पुस्तक मेरे पास हस्ताक्षरित सुरक्षित रखी हुई है। परंतु यह करिश्मा कैसे हुआ कि वही पुस्तक प्रधानमंत्री जी उपहार स्वरूप स्वयं अपने हाथों से बांट रहे हैं। मैं इस खुशी का शब्दों में वर्णन नहीं कर सकता। काश कभी मैं किसी अवसर पर अपने परिवार के साथ यह पुस्तक जो 24.11.2015 से हस्ताक्षरित कर रखी है उन्हें प्रत्यक्षतः दे सकूं। मेरा परिवार इसके लिए प्रतीक्षारत जरूर है। प्रधानमंत्री जी के बारे में मैं इस घटनाक्रम के माध्यम से यह ध्यान कराना चाहता हूं कि सत्यकर्म की पहचान पारखी स्वयं ही कर लेते हैं। उसके लिए किसी प्रकार की लोबिंग की जरूरत नहीं होती। प्रधानमंत्री जी खरे पारखी हैं, तभी तो वह पुस्तक उन्होंने स्वयं चयन कर ली। अपनी राजनैतिक जीवन यात्रा में मुझे आदरणीय अटल जी व आदरणीय केदरानाथ साहनी जी का सस्नेह वरदहस्त प्राप्त हुआ। उनसे बहुत कुछ सीखने का अवसर भी मिला। मा0 अटल जी के दूसरे कार्यकाल के समय भाजपा के-केन्द्रीय नेतृत्व ने देश भर से चुन कर आए संसद सदस्यों का एक अभ्यास वर्ग झिंझोली गांव - हरेवली के निकट करने का निर्णय किया। उस समय केन्द्रीय टीम में महामंत्री के रूप में प्रमोद महाजन, गोविन्दाचार्य व नरेन्द्र भाई भी थे। और दिल्ली प्रदेश के अध्यक्ष केदारनाथ साहनी जी थे। मेरे पास दिल्ली के ग्रामीण क्षेत्रों के जिलों का भाजपा का प्रभार था अतः केदारनाथ साहनी जी ने मुझे बुला कर कहा कि देश के संसद सदस्यों का आवश्यक अभ्यास वर्ग-झिंझोली-हरेवली में लगने वाला है उसकी व्यवस्थाओं के लिए व्यवस्था प्रमुख के रूप में आपकी जिम्मेदारी है। आप एक बार प्रमोद महाजन व गोविन्दाचार्य जी व नरेन्द्र मोदी से सम्पर्क कर वहां की सम्पूर्ण अपेक्षाएं समझ लो और तदानुसार समुचित व्यवस्थाएं करवाओ। मैं 11, अशोक रोड कार्यालय पर प्रमोद महाजन व गोविन्दाचार्य जी से मिला वहीं नरेन्द्र भाई भी बैठे थे, उनके अपेक्षित निर्देशानुसार मैं सम्पूर्ण व्यवस्थाओं को करने हेतु अभ्यास वर्ग से एक सप्ताह पूर्व वर्ग स्थान पर रूका और समुचित अपेक्षित व्यवस्था कराने में जुट गया। निश्चित तिथि को अभ्यास वर्ग प्रारम्भ हुआ। प्रथम सत्र से ही व्यवस्थाओं की सारी जानकारी, आवास व अन्य अपेक्षित व्यवस्थाओं सम्बन्धी सभी सूचनाएं मुझे देने के लिए कहा गया। सभी सूचनाएं देने के बाद प्रथम सत्र मा0 अटल जी व मा0 अडवाणी जी के उद्बोधन के बाद सत्र समाप्त हुआ। मैं अटल जी को उनके आवास पर छोडने जा रहा था। रास्ते में ही प्रमोद महाजन व नरेन्द्र भाई ने मुझे रोककर कहा कि वापसी में आवास में मिलना। मैं मा0 अटल जी को उनके आवास में छोड़कर वहां की व्यवस्थाएं आदि बता कर वापिस लौटने लगा तो अचानक अटल जी ने आवाज देकर कहा कि अरे कौशल दूत अति प्रात:कालीन चाय की क्या व्यवस्था है? मैने उन्हें बताया यहां का प्रबन्धक स्वयं चाय ले कर समय पर उपस्थित रहेगा। परंतु कौतुहल वश मैने साहस कर पूछ ही लिया मा0 अटल जी, मेरा नाम तो तिलकराज है आपने कौशल दूत क्यों कहा? अटल जी जोर से हंसे - अरे इन्दिरा जी की हत्या के समय 1984 में सर्वप्रथम तुम ही तो मा0 कौशल किशोर जी का सन्देश लेकर मुझे मिले थे ना, बस इसीलिए मैने कौशल दूत कहा। मैं हैरान था कि अटल जी को 12-13 वर्ष पुरानी घटना भी याद है! खैर वहां से मैं नरेन्द्र भाई को मिलने चला गया, उस कक्ष में गोविन्दाचार्य जी, प्रमोद महाजन जी व नरेन्द्र भाई सभी एक साथ बैठे थे क्योंकि उनका निवास एक ही था। नरेन्द्र भाई कहने लगे - अरे भाई आप ने सभी सूचनाएं तो दीं परंतु एक आग्रह पूर्ण सूचना नहीं दी कि अभ्यास वर्ग से बाहर जाने की अनुमति नहीं है। पूरा समय वर्ग में उपस्थित रहना अनिवार्य है। यदि किसी भी कारण से कोई बाहर जाने व फोन आदि करने की अनुमति मांगे तो प्रमोद जी व गोविन्द जी से अनुमति लेने को कह देना। अभ्यास वर्ग में रहते हुए यहां पर मन-वचन-कर्म सहित सबको उपस्थित रहना जरूरी है। मेरे मन में आया कि मैने तो सूक्ष्म से सूक्ष्म विषयों को ध्यान में रखते हुए सभी सूचनाएं लिखी थी परंतु नरेन्द्र भाई ने फिर भी छूट गए बिन्दु का स्मरण करवा दिया। मुझे लगा नरेन्द्र भाई की मनोवृत्ति भी मेरे जैसी है। तभी तो वह गहराई से सूचनाएं सुन भी रहे थे और तभी तो छूट गई सूचना पर ध्यान आकर्षित भी कर सके। यही कारण है कि छोटी-छोटी बातों पर ध्यान रखने वाला आज असाधारण दायित्व का निर्वाह कर रहा है। छोटी बातों पर ध्यान देने से ही व्यक्ति महान बनता है और मोदी जी उसकी एक मिसाल है। नरेन्द्र भाई मोदी जी से यूं तो एकाध बार संघ कार्य करते हुए सामान्य परिचय हुआ था। परंतु संघ प्रशिक्षण हेतु मैं 1972 में तृतीय वर्ष के शिक्षण हेतु नागपुर गया। वहां रोज किसी न किसी केन्द्रीय अधिकारी का उद्बोधन-बौद्धिक वर्ग में होता था। उस दिन पश्चिमा चल के क्षेत्रीय प्रचारक मा0 लक्ष्मण राव इनामदार का बौद्धिक था। मैं कोशिश करके बौद्धिक वर्ग में आगे बैठने में प्रयासरत रहता था। मा0 लक्ष्मण राव जी के बौद्धिक वर्ग के पश्चात मैने उनसे कुछ प्रश्नों में अपनी जिज्ञासा रखी। उन्होंने सहज सरल ढंग से सभी प्रश्नों का समाधान किया। फिर कहने लगे तुम भी नरेन्द्र की तरह बहुत प्रश्न पूछते हो। मैं सोचने लगा कि कौन नरेन्द्र? परंतु बाद में ध्यान में आया कि मा0 लक्ष्मण राव इमानदार जिन्हें संघ में वकील साहब के नाम से जाना जाता था, जिस नरेन्द्र का जिक्र कर रहे हैं वो और कोई नहीं बाद में भारत का प्रधानमंत्री बना। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद मेरे मन में आया कि यदि केन्द्रीय भाजपा में महामंत्री के रूप में नरेन्द्र भाई दिल्ली प्रदेश पदाधिकारियों के अभ्यासवर्ग में उन्होंने बूथ प्रबन्धन विषय का जो सूक्ष्म वर्णन दिया उससे मैं बहुत प्रभावित हुआ और मन में निश्चय किया कि इस बूथ प्रबंन्धन योजनाओं का बीड़ा उठाना चाहिए। उसको और सूक्ष्मतम रूप में समझकर पूर्ण करने का मैने विचार किया जिसके परिणाम स्वरूप मैने दिल्ली का बूथ प्रबन्धक संयोजक होने के नाते बूथ पर पंच परमेश्वर की योजना को साकार करने का सफल प्रयास किया। यद्यपि मैं चाहता तो था कि जैसे सिनेमा हाल में टिकट लेकर लोग अपनी-अपनी सीट पर ही बैठ कर फिल्म देखते हैं, ऐसे ही दिल्ली के तत्कालीन 13572 पोलिंग बूथ के प्रत्येक बूथ के नामंकित पांच लोग जिन्हें पंच-परमेश्वर की संज्ञा दी गई उन्हें भी सिनेमा हाल की तरह बैठने का टिकट नंबर जारी कर बैठाया जाए जिससे यह ध्यान आए कि अपेक्षित सूची ही यहां उपस्थित है। जिस हेतु नेहरू स्टेडियम आरक्षित करने की व्यवस्था की गई परंतु वह स्टेडियम पूर्व में ही बुक था अतः यह बूथ पंच परमेश्वर सम्मेलन रामलीला मैदान में शिफ्ट करना पडा। अतः स्टेडियम सरीखी बैठने की व्यवस्था करना संभव नहीं हो सका परंतु बूथ पंच परमेश्वर की उपस्थिति को हमने संकलित करने में सफलता प्राप्त की। किस बस में किस बूथ के कितने नामांकित कार्यकर्ता रामलीला मैदान में आए यह व्यवस्था करवाने में सफल हुए। मा0 अमित शाह जी इस कार्यक्रम में मार्गदर्शन करने के लिए उपस्थित रहे। मा0 अमित शाह जी जिस समय मंच पर आए तो मैने उन्हें अवगत करवा दिया कि पंच परमेश्वर की अपेक्षित 67860 की संख्या में से 57503 पंच परमेश्वर रामलीला मैदान में प्रवेश कर चुके हैं। हर बस का व्हाटसअप मेरे पास फोन पर है जिसके आधार पर मैं सुनिश्चित रूप से कह सका था कि इतनी संख्या मैदान में उपस्थित है। परंतु आज जब मैं स्वयं सोचता हूं कि यदि प्रदेश अभ्यास वर्ग में नरेन्द्र भाई ने बूथ प्रबन्धन का सत्र न लिया होता तो शायद इस योजना को ऐसा मूलरूप से खडा करने की प्रेरणा जागृत ना होती। इसका ही यह परिणाम है कि मैने इस विषय का सूक्ष्मतम अध्ययन कर बूथ प्रबन्धन हेतु पंच परमेश्वर की योजना को साकार रूप दिया और परिणाम स्वरूप दिल्ली में हम नगर निगम में बहुमत प्राप्त करने में सफल हो सके। यूं तो अनेक प्रसंग व सस्मरण नरेन्द्र भाई के साथ काम करते हुए आए परंतु नरेन्द्र भाई का प्रधानमंत्री बनने के बाद उनसे अब परिस्थिति वश नरेन्द्र भाई की तरह मिल पाना संभव नहीं है। प्रभु से कामना करता हूं कि प्रभु नरेन्द्र भाई का आत्मनिर्भर भारत बनाने में सफलता प्रदान करे। यही शुभ कामना है। हमारा मिलना या मिल पाना गौण विषय है। परिवार की इच्छा तो जरूर है कि एक बार दस-पांच मिनट के लिए ही क्यों न हो, प्रधानमंत्री जी से प्रत्यक्ष मिलना होना चाहिए। पर यह मैं प्रभु इच्छा पर ही छोड़ता हूं या परिवार सदस्यो के भाग्य पर।

**पूर्व वरिष्ठ उपाध्यक्ष भाजपा दिल्ली प्रदेश**
**निगम पार्षद, शालीमार बाग वार्ड-63**

## कविता

### नफीस जुल्फों की बात

जब भी नफीस जुल्फों की बात होती है,
महफिल में सिर्फ तेरी ही बात होती है।

हवाओं में जब जब जुल्फें लहराती है तेरी,
तब तब चमन और आशियां की बात होती है।

देखी जब भी बिजली की चमक काली घटाएं,
यह बेशक तेरी मासूम जुल्फों की वारदात होती है।

अब तेरी कमसिन जुल्फों का जिक्र ना करे कोई,
मेरी दिल्ली तमन्नाओं के कत्ल की बात होती है।

खुदा लंबी उम्र दे इन हसीन जुल्फों को,
उसमें हमारी उम्र कैद की बात होती है,

तेरी हसीन जुल्फों के सर होने से पहले,
मेरी उम्र तमाम होने की बात होती है।

संजीव ठाकुर

## गहलोत बनाम पायलट की लड़ाई चल रही

**अशोक भाटिया**

**पूर्व** उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट के साथ राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत दोनों ने सार्वजनिक मंचों पर कहा है कि दोनों के बीच कोई समस्या नहीं है, लगभग उतनी ही बार, जितनी बार उन्होंने एक-दूसरे को निशाना बनाया है। पिछले इतिहास को खंगाला जाय तो 200 सदस्यीय सदन में 21 सीटों पर सिमट जाने के बाद से पार्टी को विधानसभा की जीत तक ले जाने के बाद, दिसंबर 2018 के चुनावों के बाद पायलट को मुख्यमंत्री पद का स्वाभाविक दावेदार माना जा रहा था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। गहलोत गांधी परिवार के विश्वास को अपने पक्ष में कैसे झुकाने में कामयाब रहे, इसके बारे में कई कहानियां हैं, जिनमें से किसी की भी पुष्टि नहीं की जा सकी है।

लेकिन जब से गहलोत के डिप्टी के रूप में पायलट ने शपथ ली, उसके एक साल बाद तक, उन्होंने राज्य की राजनीति में खुद को कभी भी कम महत्वपूर्ण नहीं माना और अपने सार्वजनिक बयानों से सरकार को कटघरे में खड़ा किया। राजभवन में जब गहलोत के मंत्रिमंडल ने शपथ ली तो परंपरा से हटकर मंच पर पायलट के लिए भी एक कुर्सी रखी गई. आमतौर पर केवल राज्यपाल और मुख्यमंत्री ही इस स्थान पर बैठते हैं। गहलोत और पायलट दोनों ने कई मौकों पर एक-दूसरे का नाम लिए बिना एक-दूसरे के खिलाफ टिप्पणियां की हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव के बाद, सीएम ने कहा कि पायलट को हार की जिम्मेदारी लेनी चाहिए झ पार्टी सभी 25 सीटें हार गई झ और जोधपुर में अपने बेटे वैभव गहलोत की हार के लिए और अधिक।पायलट ने इसे लेटे नहीं लिया। उन्होंने कहा कि अकेले जोधपुर में ज्यादा समय बिताने के बजाय यदि मुख्यमंत्री पूरे राज्य में प्रचार करते तो परिणाम कुछ और हो सकते थे।अन्य सभी अवसरों पर, जब गहलोत जोर देने के लिए कुछ कहते हैं कि राज्य के लोग और पार्टी के सभी विधायक उन्हें सीएम के रूप में देखना चाहते हैं, जैसे कि इसे रगड़ने के लिए, पायलट समान रूप से प्रतिकार करते हैं। पिछले लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए जयपुर के रामलीला मैदान में राहुल गांधी की रैली में फोटो-ऑप को कौन भूल सकता है जब पार्टी के तत्कालीन अध्यक्ष ने दोनों नेताओं को एक-दूसरे को गले लगाया था? हाल ही में, कोटा के एक सरकारी अस्पताल में 100 से अधिक शिशुओं की मृत्यु के बाद, पायलट ने अपनी ही सरकार को गिराने में कोई समय नहीं गंवाया, यह कहते हुए कि सरकार को संकट से निपटने में अधिक मानवीय होना चाहिए था, जाहिर तौर पर मुख्यमंत्री के उस बयान का जिक्र था जिसमें उन्होंने मौतों की बात कही थी होता है। पायलट, जो स्वास्थ्य मंत्री रघु शर्मा के कोटा जाने के एक दिन बाद अस्पताल गए थे, को अपने तत्काल प्रेसर के साथ राष्ट्रीय टीवी पर प्राइमटाइम एयर-टाइम मिला। ऐसा नहीं कि कांग्रेस आलाकमान को इस सासबहु की लड़ाई को लेकर पता नहीं है पर हर बार विवाद निपटाने के बाद दोबारा गाड़ी पटरी से उतर जाती है।

## विचार

### स्वातंत्र्यवीर सावरकर

**मृत्युंजय दीक्षित**

**भारतीय** स्वाधीनता संग्राम के महानायक विनायक दामोदर सावरकर का जन्म महाराष्ट्र के नासिक जिले के भगूर ग्राम में 28 मई 1883 को हुआ था। विनायक के पिता का नाम दामोदर पंत तथा माता का नाम राधाबाई था। सावरकर जी चार भाई बहन थे। वीर सावरकर न केवल स्वाधीनता संग्राम सेनानी थे अपितु वे एक महान चिंतक, लेखक, कवि, ओजस्वी वक्ता तथा दूरदर्शी व्यक्तित्व के धनी राजनेता भी थे। सावरकर जी की प्रारम्भिक शिक्षा नासिक में हुई थी। वे तेज बुद्धि के थे तथा उन्होंने बाल्यावस्था में ही गीता के श्लोक कंठस्थ कर लिए थे। ऐसी प्रखर मेधा शक्ति वाले शिष्य के प्रति शिक्षकों का असीम स्नेह होना स्वाभाविक ही था। जिन दिनों सावरकर बड़े हो रहे थे उन दिनों महाराष्ट्र में लोकमान्य तिलक के समाचार पत्र केसरी की भारी धूम थी वे उसे पढ़ते थे जिसके कारण उनके मन में भी क्रांतिकारी विचार आने लग गये। केसरी के लेखों से प्रभावित होकर उन्होंने भी कविताएं तथा लेख आदि लिखने प्रारम्भ कर दिये। सावरकर जी ऐसे पहले भारतीय थे जिन्होंने वकालत की परीक्षा प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण की थी। लेकिन उन्होंने अंग्रेज सरकार की वफादारी की शपथ लेने से इन्कार कर दिया था, जिसके कारण उन्हें वकालत की उपाधि प्रदान नहीं की गयी। सन 1899 में सावरकर ने देशभक्तों का मेला नामक एक दल का गठन किया । जबकि 1900 में उन्होंने मित्र मेला नामक संगठन बनाया। 4 वर्ष बाद यही संगठन अभिनव भारत सोसाइटी के नाम से सामने आया। इस संगठन का उद्देश्य भारत को पूर्ण राजनैतिक स्वतंत्रता प्राप्त कराना था। इसी बीच सावरकर कानून की पढ़ाई करने के लिए लंदन चले गए। वे जून 1906 में पर्शिया नामक जलपोत से लंदन के लिए रवाना हुए। उन्हें विदाई देने के लिए परिवार के सभी सदस्य मित्र एवं बाल गंगाधर तिलक भी गए थे। लंदन प्रस्थान से पूर्व उन्होंने एक गुप्त सभा में कहा था , मैं शत्रु के घर जाकर भारतीयों की शक्ति का प्रदर्शन करूंगा। लंदन में उनकी भेंट श्याम जी कृष्ण वर्मा से हुई। लंदन का इंडिया हाउस उनकी गतिविधियों का प्रमुख केंद्र था । उनकी योजना नये - नये हथियार खरीद कर भारत भेजने की थी ताकि सशस्त्र क्रांति की जा सके। वहां रहने वाले अनेक छात्रों को उन्होंने क्रांति के लिए प्रेरित किया। उक्त हाउस में श्याम जी कृष्ण वर्मा के साथ रहने वालों में भाई परमानंद, लाला हरदयाल, ज्ञानचंद वर्मा, मदन लाल धींगरा जैसे क्रांतिकारी भी थे। उनकी गतिविधियां देखकर ब्रिटिश पुलिस ने उन्हें 13 मार्च 1990 को गिरफ्तार कर लिया। उन पर भारत में भी मुकदमे चल रहे थे, उन्हें मोरिया नामक पानी के जहाज से भारत लाया जाने लगा। 10 जुलाई 1990 को जब जहाज मोर्सेल्स बंदरगाह पर खड़ा था तो वे शौच के बहाने समुद्र में कूद गये और तैरकर तट पर पहुंच गये । उन्होंने स्वयं को फ्रान्सीसी पुलिसकर्मी के हवाले किया लेकिन तत्कालीन सरकार ने उन्हें फ्रांसीसी सरकार से ले लिया और तब यह मामला हेग न्यायालय पहुंच गया। जहां उन्हें अंग्रेज शासन के विरुद्ध षड्यंत्र रचने तथा शस्त्र भेजने के अपराध में आजन्म कारावास की सजा सुनाई गई। उनकी सारी संपत्ति भी जब्त कर ली गई। सावरकर को अंग्रेज न्यायाधीश ने एक अन्य मामले में 30 जनवरी को पुनः आजन्म कारावास की सजा सुनाई। इस प्रकार सावरकर को दो आजन्म कारावास का दण्ड दे दिया गया। सावरकर को जब अंग्रेज न्यायाधीश ने दो आजन्म कारावास की सजा सुनाई तो उन्होंने कहा कि, मुझे बहुत प्रसन्नता है कि ब्रिटिश सरकार ने मुझे दो जीवनों का कारावास दंड देकर पुनर्जन्म के हिन्दू सिद्धान्त को मान लिया है। सावरकर ने ब्रिटिश अभिलेखागार का अध्ययन करके 1857 का स्वाधीनता संग्राम नामक महत्वपूर्ण ग्रन्थ लिखा। फिर इसे गुप्त रूप से छपने के लिए भारत भेजा गया। ब्रिटिश शासन इस ग्रन्थ के लेखन एवं प्रकाशन की सूचना मात्र से ही कांप उठा। तब प्रकाशक ने इसे गुप्त रूप से पेरिस भेजा। वहां भी अंग्रेज सरकार ने इस ग्रन्थ का प्रकाशन नहीं होने दिया, अन्ततः इसका प्रकाशन 1909 में हालैण्ड से हुआ। यह आज भी 1857 के स्वाधीनता संग्राम का सबसे विश्वसनीय ग्रन्थ है। 1911 में उन्हें एक और आजन्म कारावास की सजा सुनाकर कालेपानी भेज दिया गया। वहां उनके बड़े भाई गणेश सावरकर भी बंद थे। जेल में इन पर घोर अत्याचार किए गए गए जो एक क्रूर इतिहास बन गया।


## एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक राकेश भारद्वाज, बी-244, मजलिस पार्क, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, ए-15, बड़ा बाग, जीटी करनाल रोड इन्डस्ट्रीयल एरिया, नई दिल्ली-33 से छपवाकर प्रकाशित किया। एक्शन इंडिया में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक या प्रकाशक का उनसे सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

दूरभाष नं. - (011) 47502546
फैक्स - (011) 27677673
प्रधान संपादक: रवि भारद्वाज
9999889104, 9250706656
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अतः समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

### भारत के विकास की नवीन अवधारणा

**संजीव**

**भारत** स्वतंत्रता की प्राप्ति के बाद अथक प्रयास करने के पश्चात आधुनिक भारत के स्वप्न द्दष्टा प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने अपनी कार्यप्रणाली इसी सोच के साथ आगे बढ़ाई थी कि भारत आने वाले समय में एक समृद्ध, शक्तिशाली एवं आर्थिक रूप से संपन्न राष्ट्र के रूप में वैश्विक स्तर पर उभर कर आएगा। इसी तारतम्य में 1952 से प्रारंभ की गई पंचवर्षीय योजनाओं के तहत कृषि, उद्योग, विज्ञान और स्वास्थ्य में वैज्ञानिक द्दष्टिकोण तथा सोच को मूर्त रूप दिया गया था। समय समय मैं सरकारें बदलती रहे और भारत विकास की ओर धीरे-धीरे बढता रहा।

आज वर्तमान में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत में आर्थिक स्थिति में जबरदस्त विकास किया है, भारत विश्व में पांचवी आर्थिक स्थिति बन चुका है दूसरी तरफ विज्ञान तथा टेक्नोलॉजी में भी अहम स्थान रखता है। सामरिक तौर पर भी भारत की सेना अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपना विशेष स्थान रखती है ।अब पाकिस्तान या चीन की इतनी हिम्मत नहीं है कि वह सीधा भारत पर आक्रमण कर सकें। भारत ने विकास कर यह साबित कर दिया है भारत अब पुराना भारत नहीं रहा है और अब किसी भी विषम परिस्थिति मैं भारत सीना तान कर खड़ा हुआ है' मैं किसी पार्टी विशेष का पक्षधर नहीं हूं जवाहरलाल नेहरू, इंदिरा गांधी ,अटल बिहारी वाजपेई, डॉ मनमोहन सिंह और अब नरेंद्र मोदी जी ने भारत को वैश्विक पटल पर एक सम्मानजनक इस स्थिति में ला खड़ा किया है' अटल बिहारी जी के नेतृत्व में हम परमाणु शक्ति संपन्न देश बने थे और इंदिरा गांधी जी के नेतृत्व में हमने 1971 में पाकिस्तान को बुरी तरह हराकर कर उसका विभाजन कर बांग्लादेश नामक नए देश का जन्म करवाया था' पर मैं यहां बात विकास के वास्तविक धरातल और देश में गरीबी तथा बेरोजगारी उन्मूलन की करना चाह रहा हूं. हमारा देश अभी भी गरीबी ,बेरोजगारी ,भुखमरी, असमानता, अंधविश्वास, आडंबर और धार्मिक कट्टरपंथ का सामना करते हुए उस गति से विकास नहीं कर पा रहा है जिसके लिए वह अत्यंत समर्थ है।

### क्या करें हम...

**डॉ. सुरेश कुमार**

**वे** आए दिन दूर की हाँकते हैं। उनकी मानो तो वे चुटकियों में भारत को विश्व का सरताज बना सकते हैं। अमेरिका जैसे विकसित देशों की प्रगति को व्यर्थ मानते हैं। उनकी मानो तो वे रातों रात दुनिया की रूपरेखा बदल सकते हैं। हम दोनों एक ही पाठशाला में पढ़ते थे। उसमें और मुझ में छह साल का अंतर था। किंतु उसने कभी इस अंतर को मित्रता के बीच आने नहीं दिया। जब वह पंद्रह साल का था तब वह दसवीं कक्षा पढ़ रहा था। उसी वर्ष स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर उसने भाषण देते हुए एक कहानी का जिक्र किया। कहानी का सार यही था कि बदलने की प्रबल इच्छा चिंगारी की भांति हमारे भीतर सुलगती रहनी चाहिए। उसने सभी से अपने-अपने गाँवों की रूपरेखा बदलने की शपथ दिलायी। भाषण इतना प्रेरक और जोरदार था कि तालियों की गड़गड़ाहट से प्रांगण गूँज उठा। उसी दिन कई गपोड़ियों ने उसका नाम हक्कड़ सिंह रख दिया। दस वर्ष बाद जब उसकी उम्र पच्चीस की हुई तो उसका विवाह हो गया। अब उसमें पहले जैसा उत्साह नहीं रहा। वह आए दिन कहता- असली जिंदगी का पता तो शादी के बाद चलता है। घर-गृहस्थी के चक्कर में जीवन कचूमर बन जाता है। वह खाक अपने गाँव को बदलेगा। वह अगर अपनी गली की दशा बदल दे तो वही काफी है। जब वह पैंतीस वर्ष का हुआ तो उसे लगा कि गली की दशा बदलना भी आसान नहीं है। तरह-तरह के लोग और तरह-तरह की सोच के बीच तालमेल करना टेढ़ी खीर है। भला इन्हें कौन बदल सकता है? बदलाव, परिवर्तन आदि पर्यायवाची शब्द शब्दकोश में ही अच्छे लगते हैं। वास्तविक जीवन में इसका पालन नभ-पाताल नापने के बराबर है। उसे लगा कि गली से पहले अपने परिजनों में परिवर्तन लाना जरूरी है। अब वह पैंतालीस वर्ष का हो चला है। वह परिजनों को बदलने चला था। परिजनों ने उसकी एक न सुनी। उसे तरह-तरह के उलाहने दिए। उसे भला-बुरा कहा। एक दिन जब उसके घर के पास एक बैठक चल रही थी तो उसमें एक पंद्रह वर्षीय बालक मेरे मित्र की भांति समाज में परिवर्तन लाने के बारे में जोर-शोर से भाषण दे रहा था। मित्र को अपना बचपन याद आ गया।

## न्यूज फ्लैश

### 5.05 किलोग्राम गांजा फूल पत्ती सहित आरोपी काबू, स्कूटी बरामद

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** डिटेक्टिव स्टाफ की टीम द्वारा विश्वसनीय सूचना के आधार पर आरोपी कुलदीप पुत्र जोगिन्द्र सिंह वासी सोना सिंह कालोनी झगोला दिल्ली हाल नेवल जिला करनाल को इन्द्री बाईपास नजदीक सरकारी स्कूल इन्द्री से एक स्कूटी नम्बर एचआर 29 एएक्स 4068 सहित गिरफ्तार किया गया। तलाशी लेने पर आरोपी के कब्जे से स्कूटी की डिग्गी में से एक कट्टे में से पांच किलो पचास ग्राम गांजा फूल पत्ती बरामद हुई व आरोपी की स्कूटी उपरोक्त को भी कब्जा पुलिस में लिया गया। इस संबंध में आरोपी के खिलाफ थाना इन्द्री में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। प्रारम्भिक पूछताछ में खुलासा हुआ कि आरोपी गांजा पत्ती का नशा करने का आदी है और सस्ते दाम पर गांजा पत्ती खरीदकर महंगे दाम पर बेचने का काम करता है। आरोपी ने बताया कि वह उपरोक्त गांजा फूल पत्ती को दिल्ली से एक व्यक्ति से दस हजार रूप्ये प्रति किलोग्राम के हिसाब से खरीदकर लाया था। आरोपी इस गांजा पत्ती को डेढ़ से दो गुना महंगे दाम पर करनाल में अलग-अलग स्थानों पर नशे के आदी लोगों को बेचने वाला था। आरोपी को आज अदालत में पेश करके दो दिन के पुलिस रिमाण्ड पर लिया गया है।

### सरकारी स्कूल के मेघावी छात्रों को किया जाएगा सम्मानित

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** करनाल मानव सेवा संघ में मानव मित्र मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा 28 मई दिन को सुबह 10 बजे सरकारी स्कूल के मेघावी छात्रों को जिन बच्चों ने सरकारी स्कूल में पढ़ते हुए दसवीं व 12वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी के अंक प्राप्त किए हैं, उन्हें प्रशंसा पत्र व प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। संस्था के संयोजक भारतेंदु हरीश एवं कार्यक्रम के व्यवस्थापक राम प्रकाश शर्मा ने संयुक्त रूप से बताया कि उनकी संस्था पहले भी जरूरतमंद बच्चों की स्कूलों में स्कूल से संबंधित सामान देकर सहायता करती रहती है। कार्यक्रम में संस्था द्वारा कुछ विशेष समाजसेवियों को भी प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**अंबाला (मनीष)**
(मो. नं. : 9896772006)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पानीपत (बिजेंद्र सिंह)**
(मो. नं. : 9466035040)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**करनाल राजकुमार शर्मा (प्रिंस)**
(मो. नं. : 98962 76156)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**चंडीगढ़/पंचकुला हरज्ञान चौधरी**
(मो. नं. : 94668 87896)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**सोनीपत (संजीव कौशिक)**
(मो. नं. : 9991270143)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**फरीदाबाद हरपाल सिंह यादव**
(मो. नं. : 98117 14343)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**पंचकूला (मैनपाल)**
(मो. नं. : 9671232478)

**समाचार पत्र, विज्ञापन एवं अन्य किसी भी जानकारी के लिए संपर्क करें।**
**कुरुक्षेत्र दलबीर सिंह**
(मो. नं. : 94162 71181)

# बच्चे पढ़ाई क साथ-साथ खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़चढ़ कर लें भाग

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **युवा** कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के दिशा-निर्देशानुसार नेहरू युवा केन्द्र करनाल की ओर से जिला युवा उत्सव का आयोजन पंडित चिरंजी लाल राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में किया गया जिसमें सांसद संजय भाटिया ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। मेयर रेनू बाला गुप्ता विशिष्ट अतिथि के तौर पर शामिल हुई। मुख्य अतिथि, विशिष्ट अतिथि व अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारंभ किया। जिला युवा उत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण प्रतियोगिता, कविता लेखन, मोबाईल फोटोग्राफी तथा चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें काफी संख्या में छात्र एवं छात्राओं ने भाग लिया। सांसद संजय भाटिया ने



अपने संबोधन में कार्यक्रम में उपस्थित छात्र एवं छात्राओं का आह्वान किया कि वे पढ़ाई के साथ-साथ खेल-कूद, सांस्कृतिक कार्यक्रमों में भी बढ़चढ़ कर भाग लें। इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा में निखार आता है और वे एक अच्छे इंसान भी बनते हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताओं के माध्यम से जो ज्ञान आप प्राप्त करेंगे वह देश के काम आएगा। उन्होंने उक्त विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले सभी बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बच्चे भविष्य में हर क्षेत्र में सफल हों और वे जिला स्तरीय प्रतियोगिता के बाद राज्य व राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में अव्वल स्थान हासिल करके अपने जिला का नाम रोशन करेंगे। जिला स्तरीय युवा उत्सव कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग को बधाई दी और कहा कि इस प्रकार की गतिविधियां भविष्य में भी जारी रखें। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूरी दुनिया के अंदर भारत देश का गौरव बढ़ाया है, जोकि हम सबके लिए बड़े गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने आजादी के अमृत महोत्सव काल के दौरान 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आगामी 25 वर्षों तक के कार्यक्रमों का एक्शन प्लान तैयार किया है जोकि आने वाली पीढ़ी के काम आएगा और देश तरक्की व खुशहाली की ओर आगे बढ़ेगा। उन्होंने मीडिया के एक सवाल के जवाब में कहा कि हरियाणा में प्रतिभाओ की कोई कमी नहीं है। खेल के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी हरियाणा के युवा देश में अग्रणी हैं। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने युवाओं को प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश में अनेक खेल नर्सरियां स्थापित की हैं। कार्यक्रम में मेयर रेनू बाला गुप्ता ने जिला युवा उत्सव के दौरान विभिन्न प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों की प्रतिभा को देखकर प्रसन्नता जाहिर की और कहा कि हमारे बच्चों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, जरूरत है उन्हें अवसर प्रदान करने की। उन्होंने कहा कि नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों के द्वारा युवाओं की प्रतिभा में निखार आ रहा है। ऐसे में युवाओं को भी इन गतिविधियों में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य है। आने वाले समय में उनके कंधों पर ही देश की जिम्मेदारी होगी और युवा पीढ़ी देश व समाज को आगे लेकर जाएगी। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने गांव स्तर पर भी बच्चों की प्रतिभा में निखार लाने के लिए व्यायामशालाएं खोली हैं। इसके लिए नेहरू युवा केन्द्र के माध्यम से भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस अवसर पर नेहरू युवा केन्द्र के स्टेट एडवेंचर अधिकारी जोगिन्द्र सिंह, जिला युवा अधिकारी रेनू सिलग, हरियाणा पंजाबी ग्रंथ अकादमी के उपाध्यक्ष गुरविन्द्र सिंह धमीजा, कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय से प्रो. विवेक चावला, डीपीसी वंदना, भाजपा के जिला महामंत्री राजबीर शर्मा, ब्राह्मण सभा के प्रधान सुरेन्द्र बड़ौता, महेन्द्र बाकीपुर, महेन्द्र प्रेमी, सुनील खेड़ा, समाजसेवी रजनीश चोपड़ा सहित कॉलेज स्टाफ मौजूद रहा।

## हमें नेहरू के आदर्शो को जीवन में करना चाहिए आत्मसात: मनिंदर

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** युवा कांग्रेस करनाल की ओर से भारत के प्रथम प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष मनिंदर सिंह शंटी के नेतृत्व में कार्यकताओं ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू ने इस देश की नींव सर्वधर्म समभाव के आधार पर आधुनिक भारत के निर्माण के लिए रखी थी। जिसका स्वरूप आज देश के सामने हैं। उन्होंने कहा कि पंडित जवाहरलाल नेहरू निर्भीक निडर धर्मनिरपेक्ष गुटनिरपेक्ष विचार को आगे बढ़ाने वाले नेता और देश की बुनियाद को जाति और धर्मविहीन रखने वाले नेता थे। मनिंदर सिंह शंटी ने कहा कि नेहरू के बिना भारत की कल्पना भी नहीं की जा सकती। उन्होंने कहा कि हमें पंडित जवाहर लाल नेहरू जी के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। नेहरू को बच्चों से काफी लगाव था, जिस कारण बच्चे उन्हें चाचा नेहरू के नाम से पुकारते थे।

## भाजपा ओबीसी मोर्चा करेगा हर जिले में बुद्धिजीवी सम्मेलन

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भारतीय ज**नता पार्टी ओबीसी मोर्चा के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष एवम प्रदेश प्रभारी गजेंद्र यादव ने कहा है कि ओबीसी मोर्चा हरियाणा प्रदेश के प्रत्येक जिले में ओबीसी वर्ग के बुद्धिजीवी सम्मेलन करेगा। यादव आज करनाल के जिला भाजपा कार्यालय कर्ण कमल में ओबीसी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों व जिला प्रभारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 30 मई को केंद्र की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूरे हो रहे हैं, इस अवसर पर 30 मई से 30 जून तक सम्पूर्ण भारत में भाजपा महा जन संपर्क अभियान शुरू कर रही है, जिसमें ओबीसी मोर्चा के कार्यकत्ता बढ़



चढ़ कर भाग लेंगे। उन्होंने कहा कि इस एक माह में उन सभी लगभग 75 लाख परिवारों से भी संपर्क किया जाएगा जो कि केंद्र सरकार की योजनाओं के लाभार्थी हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने समाज के पिछड़ों, वंचितों के साथ साथ अंतिम व्यक्ति की भी चिंता की है और उनके कल्याण की अनेकानेक योजनाएं लेकर आए हैं, उन्हें ओबीसी मोर्चा जन जन तक पहुंचाएगा। बैठक की अध्यक्षता कर रहे ओबीसी मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष कर्णदेव कांबोज ने अपने संबोधन में कहा कि ओबीसी मोर्चा 30 मई से 30 जून तक एक लाख नए सदस्यों को भाजपा से जोड़ेगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र सेवा ही संगठन है, जिससे प्रभावित होकर करोड़ों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ली और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक एवम लोकतांत्रिक पार्टी है। कांबोज ने प्रदेश की मनोहर सरकार का धन्यवाद करते हुए बताया कि प्रदेश सरकार द्वारा पंचायती चुनाव में बीसी ए को 8 प्रतिशत आरक्षण देने के कारण आज प्रदेश में लगभग आठ सौ सरपंचए हजारों की संख्या में जिला परिषद, ब्लॉक समिति, पंचायत के सदस्य चुने गए हैं, जिनका सारा श्रेय प्रदेश की भाजपा सरकार को जाता है।

## योग शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करता है: नवीन संदूजा

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** हमारा मिशन स्वस्थ भारत के संचालक व मुख्य योग शिक्षक नवीन संदूजा के नेतृत्व में कर्ण पार्क में संचालित योग कक्षा में साधकों ने शनिवार को बरसात के बावजूद योगाभ्यास किया। साधक सुबह समय पर ही योग कक्षा में पहुंच गए थे, लेकिन बरसात शुरू हो गई। साधकों ने शेड के नीचे बैठक योग क्रियाओं का उत्साह के साथ अभ्यास किया। मुख्य योग शिक्षक नवीन संदूजा ने कहा कि योग हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने का काम करता है। शरीर स्वस्थ रहे



तो व्यक्ति पूरी एकाग्रता के साथ सभी कार्यों को कर सकता है। दृढ़ संकल्प के साथ योग प्राणायाम किया जाए तो शत प्रतिशत स्वास्थ्य लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाएगा। भारत की पहल पर अंतरराष्टीय योग दिवस मनाने की शुरूआत की गई थी।

## विश्व योग दिवस 2023 के लिए विद्यार्थियों का प्रशिक्षण हुआ सपन्न: जीत राम

**सोनीपत:** आयुष विभाग हरियाणा और हरियाणा योग आयोग के योग प्रोटोकॉल के अनुसार आयुष विभाग सोनीपत की और से आज 27 मई 2023 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव तेवड़ी में 3 दिविसीय (25 से 27 मई 2023) योग प्रशिक्षण का कार्य संपन हो चूका है। विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह और उमंग के साथ अभ्यास किया। बच्चों ने योग प्रोटोकॉल क्रियाओ के साथ साथ संकल्प, हास्यासन और तालिवादन आदि का भी लुफ्त उठाया।

## एमएचयू कलपति ने किया उद्यान महाविद्यालय का दौरा



**करनाल/टीम एक्शन इंडिया** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग हरियाणा के अतिरिक्त मुख्य सचिव एवं महाराणा प्रताप उद्यान विश्वविद्यालय करनाल के कुलपति सुधीर राजपाल ने एमएचयू के उद्यान महाविद्यालय अंजनथली का दौरा किया। महाविद्यालय पहुंचने पर रजिस्ट्रार डॉ.अजय सिंह, अनुसंधान निदेशक डॉ. रमेश गोयल, डीन प्रो. रंजन गुप्ता ने कुलपति का स्वागत किया। कुलपति ने एमएचयू में बने हाईटैक पोली हाउसए शैडनेट हाउस व रि-ट्रेक्टेबल पोली हाउस का निरीक्षण किया, भिडी और घीया का हाइब्रिड बीज प्रोडेक्शन के कार्यों को देखा। किसानों को बीज कब तक उपलब्ध करवाया जा सकता हैं। उन्होंने वैज्ञानिकों से कहा कि रिसर्च कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि किसानों तक नवीनतम तकनीकें पहुंचे, जो किसानों के लिए आर्थिक लाभ वाली साबित हो। किसानों की आय में इजाफा हो। कुलपति ने अनुसंधान निदेशक से विश्वविद्यालय में चल रहे रिसर्च कार्यों के बारे में पूछा तो इस पर कुलपति को बताया कि यूनवर्सिटी में चार लैब बन चुकी है, इनमें सीड इन्फ्रा लैब, बायो कंट्रोल लैब, क्वालिटी कंट्रोल लैब व टिश्यु कल्चर लैब शामिल है। बायो कंट्रोल लैब में रिसर्च के काम चल रहे है। उन्होंने अधिकारियों से विश्वविद्यालय में चल रहे प्रोजेक्ट, रिसर्च, शैक्षणिक कार्यों के बारे में प्रोग्रेस रिपोंट हासिल की। रजिस्ट्रार डॉ. अजय सिंह ने कुलपति को विश्वविद्यालय की स्थापना से लेकर अब तक किए गए कार्यो के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

**महाविद्यालय में चल रहे शैक्षणिक कार्यां की प्रगति के बारे में पूछा**

उन्होंने महाविद्यालय डीन प्रो. रंजन गुप्ता से शैक्षणिक गतिविधियों के बारे में पूछा तो डीन प्रो. गुप्ता ने कुलपति को बताया कि उद्यान महाविद्यालय में करीब 70 विद्यार्थियों का एडमिशन हो चुका है।

## अभिनेत्री अमीषा पटेल करेंगी ग्लोबल प्राइड अवार्ड समारोह में शिरकत

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **भारतीय** फिल्म जगत की विख्यात अभिनेत्री अमीषा पटेल 2 जुलाई को एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के ग्लोबल प्राइड अवार्ड समारोह में सेलिब्रिटी चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत करने करनाल पहुंचेंगी। अमीषा पटेल 11 अगस्त को रिलीज होने वाली अपनी बहुचर्चित फिल्म गदर 2 का प्रमोशन भी करेंगी। एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के नेशनल चीफ नरेंद्र अरोड़ा ने फिल्म अभिनेत्री अमीषा पटेल से शिष्टाचार भेंट की और उन्हें 2 जुलाई को करनाल हरियाणा में आयोजित होने वाले ग्लोबल प्राइड अवार्ड समारोह के लिए सेलिब्रिटी



चीफ गेस्ट के रूप में शिरकत करने का निमंत्रण दिया जिसे अमीषा पटेल ने सहर्ष स्वीकार किया। नरेंद्र अरोड़ा ने कहा कि एंटी करप्शन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन के सहयोग से 2 जुलाई को करनाल हरियाणा में राष्ट्र स्तरीय जागरूकता सेमिनार एवं ग्लोबल प्राइड अवार्ड समारोह का भव्य आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय अध्यक्ष रणजोध सिंह करेंगे। आसाम की मॉडल प्रोग्याश्री हजारिका सेलिब्रिटी गेस्टए नेशनल चीफ आब्जर्वर राजेश सराफए ह्यूमन राइट्स इंटरनेशनल फेडरेशन की नेशनल चीफ डायरेक्टर डॉ बरनाली शर्माए नेशनल चीफ कन्वीनर डॉ के विजयरमन अति विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे।
उन्होंने कहा की इस अवसर पर फाउंडेशन के भ्रष्टाचार उन्मूलन जागरूकता अभियान के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली देश की महान शख्सियतों को ग्लोबल प्राइड अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा की यह विशेष सम्मान फाउंडेशन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों को अभिनेत्री अमीषा पटेल के करकमलों द्वारा दिए जाएंगे।

## मोबाइल फोन स्नैचिंग वारदात में दो अपचारी बालक किए निरूद्ध

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** सीआईए वन की टीम द्वारा मोटरसाइकिल पर सवार होकर मोबाइल स्नैचिंग की वारदात को अंजाम देने वाले दो अपचारी बालकों को निरुद्ध कर पूछताछ की गई है। टीम द्वारा 25 मई को दो अपचारी बालकों को विश्वसनीय सूचना पर जाटो गेट करनाल से निरुद्ध किया गया। पूछताछ में अपचारी बालकों द्वारा उपरोक्त वारदात को अंजाम देने बारे खुलासा किया गया। जांच में खुलासा हुआ कि दोनों अपचारी बालकों के पास मोबाइल फोन नहीं था। जिसके कारण उन्होंने अपना मोबाइल फोन का शौक पूरा करने के लिए मोबाइल फोन छीनने की वारदात को अंजाम दिया था। जिसके बाद उनके कब्जे से वारदात में छीना गया मोबाइल फोन व वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल बरामद की गई। इस वारदात के संबंध में 19 मई को शिकायतकर्ता हषित पुत्र ललित कुमार वासी हाउसिंग बोर्ड सेक्टर 4 करनाल ने पुलिस चौकी सेक्टर 4 में शिकायत देते हुए बताया कि वह 19 मई को शाम के समय दूरदर्शन टावर के पास सेक्टर 5 में सडक पर टहल रहा था। उसी समय एक मोटरसाइकिल पर सवार दो अज्ञात युवक आए और उसके हाथ से उसका मोबाइल फोन छीन कर मौका से फरार हो गए। इस संबंध में अज्ञात आरोपियों के खिलाफ थाना शहर में मामला दर्ज किया गया।

## श्रद्धालुओं ने लगाए हर-हर महादेव के जयकारे मांगी मन्नतें

**करनाल/टीम एक्शन इंडिया।** **सनातन धर्म** मंदिर रामनगर में हरि ओम नमः शिवाय जाप परिवार की ओर से ओम नमः शिवाय का सामूहिक जाप किया गया। श्रद्धालुओं ने पहले भोले बाबा को फूलों के श्रृंगार से सजाया, फिर हर हर महादेव के जयकारे लगाकर भोलेनाथ को रिझाया। सबसे पहले भोले को फूलों से सजाया गया फिर चंदन के लेप से तिलक लगाकर श्रृंगार किया गया। विघ्नहर्ता भगवान गणेश की आराधना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत हुई। फिर राम नाम की माला जपी गई। श्रद्धालु वीर बजरंगी को भी रिझाते है। संगीतमयी धुनों पर जब हरिओम नम शिवाय का जाप



किया गया तो श्रद्धालु खुद को मस्त होने से रोक नहीं पाए और भोले की भक्ति में गोते लगाने लगे। जाप परिवार के सेवक संजय टिक्का ने श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया और बताया कि पिछले कई वर्षो से जाप परिवार रात्रि में शिव भोले के मंत्र ओम नमः शिवाय का जाप करता आ रहा है। देर रात्रि होने वाले इस मंत्र जाप में भारी संख्या में श्रद्धालु भाग लेते है और अपनी मनोकामनाएं पूरी करते है। तत्पश्चात भोले के भजनों का दौर शुरू होता है, जो कि एक घंटे के अंतराल में भक्ति और शक्ति के साथ सम्पन्न होता है। मंत्र जाप के बाद जय.जयकार करते हुए श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

# माहवारी स्वच्छता पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**विश्व** माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया की ओर से अलवर के मोती डूंगरी स्थित होटल में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
कार्यक्रम में पर्नोड रिकार्ड इंडिया का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी मुकेश किराड़, सीएमएचओ श्रीराम शर्मा, डिप्टी सीएमएचओ डॉ महेश बैरवा, आरसीएचओ डॉ. अरविंद गेट एवं समाजसेवी कृष्णा गुप्ता मौजूद रहे।
कार्यक्रम का संचालन धर्मवीर पाराशर ने किया। मासिक धर्म यानी पीरियड्स को लेकर बीते दशकों में लोगों की सोच में काफी बदलाव आया है। लेकिन फिर भी अभी काफी बदलाव आना बाकी है। इसी को लेकर चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया की








ओर से पर्नोड रिकार्ड इंडिया के सहयोग से अलवर में इस विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चाइल्ड सर्वाइवल इंडिया की कार्यकारी प्रमुख दीपा बजाज ने बताया कि महिलाओं और लड़कियों के लिए पोस्टिक आहार, कपड़े के पैड बनाने की कार्यशाला का आयोजन हुआ वहीं नुक्कड़ नाटक, रंगोली, स्लोगन पोस्टर व गीतों की प्रस्तुति के माध्यम से महिलाओं लड़कियों को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में पर्नोड रिकार्ड इंडिया के सीएसआर निर्देशक शशिधर वैंपाला राष्ट्रीय कार्यक्रम मैनेजर लतिका नायर एवं पर्नोड रिकार्ड इंडिया के बहरोड प्लांट के एचआर प्रमुख दिनेश यादव सहित लड़कियां, महिलाएं, आशा कार्यकर्ता, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं स्वयं सहायता समूह की सदस्यों ने भाग लिया।

## पानी की समस्या से जूझ रहे हैं दिल्ली के लोग: धर्मवीर यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** के वरिष्ठ नेता धर्मवीर यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली की जनता को गुमराह करने का कार्य किया है। जिसके चलते आज दिल्ली की जनता को कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी कहती है कि हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है, लेकिन वास्तविकता यह है कि दिल्ली की अधिकतर कॉलोनियों में गंदा पानी आ रहा है और मजबूर होकर कॉलोनी वासियों को बाजार से महंगे दामों पर पानी खरीद कर पीना पड़ रहा है और आम आदमी पार्टी कहती है कि



हम दिल्ली की जनता को मुफ्त पानी दे रहे है। उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी के राज में आज दिल्ली में विकास की गति काफी धीमी है, जिसके चलते दिल्ली की जनता विकास को तरस रही है।

## जहांगीरपुरी में निगम पार्षद कार्यालय पर लगाया गया पहचान पत्र कैंप





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के जहांगीरपुरी इलाके जे ब्लॉक स्थित पार्षद कार्यालय पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा द्वारा पहचान पत्र कैम्प लगाया गया। जिसमें सफलतापूर्वक लोगों के पहचान पत्र के लिए आवेदन किये गये। इस मौके पर निगम पार्षद टिम्सी सुरेश शर्मा ने बताया कि मैं क्षेत्र के विकास पर ध्यान दे रही हूं ताकि क्षेत्र की जनता को किसी भी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने आगे बताया कि निगम कार्यालय पर स्वास्थ्य शिविर सहित कई प्रकार के कैंपों का आयोजन किया जा रहा है ताकि जनता को सुविधाएं घर के समीप ही मिल जाये।
उन्होंने क्षेत्र की जनता से अपील करते हुए कहा कि क्षेत्र का वातावरण साफ और स्वच्छ रहे, इसको ध्यान में रखते हुए सभी लोग घर का कूड़ा केवल कूड़ेदान या कूड़ा उठाने वाली गाड़ी में ही डाले, जिससे की क्षेत्र का वातारण साफ और स्वच्छ नजर आये। इस मौके पर अनुज सिंह के अलावा कई गणमान्य लोग मौजूद रहें।

## दयानंद वत्स ने पं. जवाहर लाल नेहरु को दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**अखिल** भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के तत्वावधान में उत्तर पश्चिम दिल्ली के बरवाला गांव में समाज के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गांधीवादी विचारक और चिंतक, शिक्षाविद् दयानंद वत्स के सान्निध्य में भारत के प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहरलाल नेहरु की 59वीं पुण्यतिथि सादगी और श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। श्री वत्स ने नेहरु जी के चित्र पर माल्यार्पण कर कृतज्ञ राष्ट्र की और से उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में दयानंद वत्स ने कहा कि पंडित नेहरु आधुनिक भारत के निमार्ता थे। उनका व्यक्तित्व एवं कृतित्व



प्रेरणादायी था। भारत के नव-निर्माण में उनका योगदान अविस्मरणीय है। पं. नेहरू के कार्यकाल में भारत ने पंचवर्षीय योजनाऐं बनाकर देश के विकास को नयी गति प्रदान की थी।

## आतिशी ने किया सेंट्रलाइज्ड मानसून कंट्रोल रूम का दौरा

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**बरसात** के बाद शहर में जलजमाव का जायजा लेने के लिए लोक निर्माण विभाग मंत्री आतिशी ने पीडब्ल्यूडी के सेंट्रलाइज्ड मानसून कण्ट्रोल रूम का निरीक्षण किया।
निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने आज जलजमाव की आई सभी शिकायतों को स्वयं मॉनिटर किया।
उन्होंने जनता से आई शिकायतों को स्वयं क्रॉस-चेक किया और पाया कि इन शिकायतों का विभाग द्वारा तुरंत समाधान किया गया है। इस पर उन्होंने अधिकारियों की सराहना भी की। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जिन जगहों से जलजमाव की समस्या आई वहां के इंजिनियरों से



कॉल पर बात कर तत्काल स्थिति का जायजा लिया। अपने विजिट के दौरान पीडब्ल्यूडी मंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उन्हें रिपोर्ट सौंपी जाए कि आज दिल्ली भर में किन जगहों से जलजमाव की समस्याएं आई है और उसके निदान के लिए विभाग ने क्या कदम उठाये है। इस मौके पर पीडब्ल्यूडी मंत्री आतिशी ने कहा कि, दिल्ली में केजरीवाल सरकार मानसून के दौरान जलजमाव की समस्याओं को दूर करने के लिए हर जरुरी कदम उठा रही है। उस दिशा में पीडब्ल्यूडी का ये कंट्रोल रूम मानसून में दिल्ली में जलजमाव की समस्या को दूर करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान निभा रहा है। उन्होंने कहा कि इस आधुनिक कण्ट्रोल रूम के जरिए विभाग को जलजमाव वाले स्थानों को पहचान कर वहां तुरंत एक्शन लेने में मदद मिल रही है।
कण्ट्रोल रूम में पीडब्ल्यूडी मंत्री ने जलजमाव वाले क्षेत्रों को मॉनिटर किया और क्रॉस-चेक किया कि विभाग द्वारा समस्या को दूर करने के लिए जरुरी कदम उठाए गए है अथवा नहीं। इस दौरान मंत्री ने पाया कि लोगों से आई समस्याओं पर विभाग ने तुरंत संज्ञान लिया है। इस पर उन्होंने इंजिनियरों की सराहना की।

## वजीरपुर जेजे कॉलोनी में निकाली गई विशाल कलश यात्रा





**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** के वजीरपुर विधानसभा क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले इलाके वजीरपुर जेजे कॉलोनी में भव्य रूप में कलश यात्रा निकाली गई। इस मौके पर जानकारी देते हुए वजीरपुर जेजे कॉलोनी के समाजसेवी प्रेम कुमार विद्यार्थी ने बताया कि यज्ञ से पहले विशाल कलश यात्रा आज क्षेत्र में निकाली गई है। उन्होंने आगे यह भी बताया कि सभी को धर्मिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़ कर भाग लेना चाहिए और जहां पर भी धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता हो, वहां पर अवश्य ही जाये। तो वहीं निगम पार्षद एडवोकेट चित्रा विद्यार्थी ने बताया कि जो व्यक्ति सच्चे मन से प्रभु की आराधना करता है प्रभु उसकी अवश्य ही सुनते है। इसलिए सभी सच्चे मन से प्रभु की भक्ति करें। इस मौके पर कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।



श्री प्राचीन हनुमान मंदिर भारत नगर में लगाये गये आधार कार्ड कैंप के दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेन्द्र रिडला, भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष अनिल शर्मा व अन्य।

## कांग्रेस कार्यालय पर मनाई गई जवाहरलाल नेहरू की पुण्यतिथि

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**कांग्रेस** नेता व पूर्व जिलाध्यक्ष हरी किशन जिंदल ने आधुनिक भारत के शिल्पकार, युगपुरुष, महान स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न भारत के प्रथम प्रधानमंत्री स्वर्गीय पंडित जवाहरलाल नेहरु की पुण्यतिथि पर अपने आफिस में कांग्रेसी साथियों के साथ उनको माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की।
हरीकिशन जिन्दल ने इस अवसर पर कहा कि देश को आजादी दिलाने के लिए पंडित जवाहरलाल नेहरु ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और देश को आजादी मिलने के बाद आधुनिक भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।



उन्होनें भारत की बुनियादी एकता पर फोकस किया। उन्होंने लोकतांत्रिक समाजवाद की वकालत की और 1951 में पहली पंचवर्षीय योजनाओं को लागू करके भारत के औद्योगी-करण को प्रोत्साहित किया। उन्होनें देश में आईटीआई, आईआईटी, आईआईएम सहित अन्य कई संस्थानों की स्थापना करके शिक्षा, विज्ञान, रक्षा और प्रौद्योगिकी के विकास को प्रोत्साहित किया और चिकित्सा के क्षेत्र में विकास के लिये अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान की स्थापना की।
इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष हरी किशन जिन्दल के साथ सराय पीपल थला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भारत सिंह राघव, आदर्श नगर ब्लॉक अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल, प्रेमचंद नन्हे, सुरेन्द्र सैनी, इंदरपाल सिंह, बिजेंद्र सिंह राणा, नीरज कुमार, साहिल सलमानी व अन्य साथी उपस्थित थे।

## भाजपा ने मुख्य सचिव से स्वच्छ कार्य वातावरण उपलब्ध कराने की मांग की

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**दिल्ली** भाजपा के अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा है कि 16 मई को आई.ए.एस. अधिकारी डॉक्टर किन्नी सिंह के साथ अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में मंत्री सौरभ भारद्वाज द्वारा किए गए दुर्व्यवहार की दिल्ली भाजपा कड़ी निंदा करती है। वीरेन्द्र सचदेवा ने कहा कि आम आदमी पार्टी की स्थापना से अभी तक हमने लगातार देखा है कि आम आदमी पार्टी के नेताओं ने ना ही पार्टी संगठन में, ना चुनाव में और ना ही सरकार प्रशासन में महिलाओं को कोई सम्मान देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि अरविंद



केजरीवाल द्वारा महिला अधिकारियों के अपमान की यह कोई पहली घटना नहीं है बल्कि इससे पहले भी ऐसी कई घटनाएं सामने आ चुकी है कि जो अरविंद केजरीवाल की महिला विरोधी मानसिकता को उजागर कर चुकी है। श्री सचदेवा ने कहा कि इससे पहले भी हमने देखा है कि दो सीनियर आई.ए.एस अधिकारी डॉ शकुंतला गैंमलिन जो अनुसूची जनजाति समाज से आती हैं और वर्षा जोशी से भी केजरीवाल सरकार ने दुर्व्यवहार किया है और साथ ही उन दोनों ही अधिकारियों को सरकार से जाने के लिए बाध्य किया गया। उन्होंने कहा कि मंत्री सौरभ भारद्वाज ने जिस तरह से अन्य अधिकारियों के बीच डॉ किन्नी सिंह को धमकाया उसने तत्कालिन मुख्य सचिव अंशु प्रकाश के साथ मुख्यमंत्री आवास में किए गए।

## दिल्ली के विकास पर ध्यान दें आम आदमी पार्टी: अशोक यादव

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भलस्वा** वार्ड के पूर्व कांग्रेस निगम प्रत्याशी अशोक यादव ने कहा कि दिल्ली के विकास पर आम आदमी पार्टी ध्यान नहीं दे रही है, जिसके चलते दिल्ली की जनता को आज कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।
उन्होंने आगे बताया कि आम आदमी पार्टी ने कहा था कि दिल्ली की जनता को निःशुल्क पानी उपलब्ध करवायेगें, लेकिन आज दिल्ली की कॉलोनियों में रहने वाले लोग परेशान हो रहे है।
एक अन्य सवाल के जवाब में अशोक यादव ने कहा कि कांग्रेस ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो सभी के हित में कार्य करती है, आज जो



आप दिल्ली में विकास देख रहे है। वह कांग्रेस पार्टी की देन है। क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने जो कहा है, वह करके दिखाया है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में कांग्रेस का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की सेवा कर रहा है।

## वजीरपुर: जनता को सुविधाएं देने में आगे है भारतीय जनता पार्टी: देवेन्द्र रिडला

**टीम एक्शन इंडिया/नई दिल्ली**
**भाजपा** ने जो कहा है वह कर-के दिखाया है, केन्द्र में हमारी पार्टी की सरकार है और जनता भाजपा के कार्यों से काफी ज्यादा प्रसन्न है। उक्त बातें भाजपा नेता देवेन्द्र रिडला ने कही। देवेन्द्र रिडला ने आगे बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश में नई-नई योजनाएं लागू है, जिससे जुड़कर सभी वर्ग के लोग काफी खुश है। योजनाओं का जिक्र करते हुए श्री रिडला ने बताया कि पीएम मोदी जी ने प्रधानमंत्री सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना,



स्वच्छ भारत अभियान, मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, स्किल इंडिया, बेटी बचाओं-बेटी पढ़ाओ योजना, मिशन इन्द्रधनुष, उड़ान स्कीम, प्रधानमंत्री उज्जवला योजना सहित कई योजनाएं है। जिससे सभी जुड़ रहे है। भाजपा की नीतियों के बारे में बोलते हुए श्री रिडला ने कहा कि भाजपा की नीतियां जनहितैषी नीतियां है। बहुताय की संख्या में लोग भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़ रहे है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा की कथनी और करनी में तनिक भी फर्क नहीं है। भारतीय जनता पार्टी जो कहती है। वह करके दिखाती है। यही कारण है कि देश के कोने-कोने में भारतीय जनता पार्टी का सिपाही मौजूद है और देश के लोगों की निः स्वार्थ भाव से सेवा कर रहा है।

# सीएम के जनसंवाद में उपजे विवाद में जुड़ी एक और कड़ी



**▶▶सीएम के कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे दो गांवों के सरपंचों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर केस दर्ज करने पर विरोध जताया**

**टीम एक्शन इंडिया/दिनेश नौताना महेंद्रगढ़। महेंद्रगढ़ खंड** के सरपंचों ने यादव धर्मशाला में 26 मईको गांव नांगल सिरोही में सीएम के कार्यक्रम में हिस्सा लेने जा रहे दो गांवों के सरपंचों को पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर केस दर्ज करने पर विरोध जताया। सरपंचों ने सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए अपना विरोध जताया। गांव माजरा के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन कुमार ने बताया कि 25 मई तक खंड के किसी भी सरपंच को सीएम के कार्यक्रम का निमंत्रण नहीं दिया गया था। मामला मीड़िया के सामने पहुंचने पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने सभी सरपंचों को फोन पर कार्यक्रम में पहुंचने निमंत्रण दिया। सरपंचों ने पूर्व शिक्षा मंत्री को बताया कि पुलिस प्रशासन ने उनके कार्यक्रम में आने पर रोक लगाई हैं। लेकिन पूर्व शिक्षामंत्री ने कहा कि अपना कार्यक्रम है सभी सरपंचों का आना हैं तथा अपने गांव की समस्याएं सीएम के समक्ष रखना। उन्होंने बताया कि 26 मई को गांव माजरा के सरपंच प्रतिनिधि प्रवीन कुमार गांव दुलोठ के सरंपच देवेंद्र कुमार के साथ सीएम के कार्यक्रम में हिस्सा लेने के लिए जा रहे थे। गांव जोनावास के समीप दो सीआईए पुलिस ने सरपंच की गाड़ी के सामने दो गाड़ियां लगा दी तथा सरपंच को गाडी के कागजात दिखाने को कहा। सरपंच द्वारा गाड़ी के कागजात दिखा दिए गए। पुलिस के पुछने पर सरपंचों ने बताया कि वे पूर्व शिक्षामंत्री के कहने पर सीएम के कार्यक्रम में जा रहे हैं। पुलिस ने कहा कि आप सीएम के कार्यक्रम में हिस्सा नहीं ले सकते आपको थाने चलना होगा। पुलिस द्वारा दोनों सरपंचों के फोन छीन लिए गए तथा दिनभर किसी व्यक्ति को सरपंचों को नहीं मिलना दिया गया। पुलिस ने दोनों सरपंचों के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया तथा रात के करीब 8 बजे सरपंचों जमानत पर छोड़ा। सरपंचों का कहना है कि जब उनके साथ इस प्रकार घटना हो रहीं है तो आम आदमी का क्या हाल होगा। अगर गांव के सरपंचों को सीएम के समक्ष अपनी समस्या रखने का अधिकार नहीं है तो यह किस बात जनसंवाद कार्यक्रम हैं। सरपंचों का कहना है कि सरकार द्वारा चलाया जा रहा जनसंवाद कार्यक्रम एक झूठा ढिकोसला हैं। इस अवसर पर सरपंच एसोसिएशन महेंद्रगढ़ के ब्लॉक प्रधान हंसराज, सतनाली खंड के प्रधान प्रिय मोहन, उपप्रधान अमित झाखड़ी, जोनावास के सरपंच जोगेंद्र सिंह, भांडोर निची के सरपंच रामसिंह, खातीवास के सरपंच मुकेश कुमार, कुकसी के सरपंच अनिल कुमार, देवनगर के सरपंच कृष्ण कुमार, जाटवास के सरपंच राजकुमार, नगला के सरपंच वीरपाल, सिसोठ के सरपंच विक्की, कुराहवटा के सरपंच राहुल, उष्मापुर के सरपंच रविंद्र कुमार, रिवासा के सरपंच महेश कुमार, खायरा के सरपंच राजबीर सिंह, कौथल कलां के सरपंच संजय कुमार, बेरी के सरपंच राजपाल आदि मौजूद थे।

# सरोज राठी ने शहीद भगत सिंह पार्क में सफाई व्यवस्था का लिया जायजा



**टीम एक्शन इंडिया/सिद्धार्थ राव, बहादुरगढ़।**
**नगर परिषद** के अधीन आने वाले बहादुरगढ़ के तमाम पार्कों सहित सभी वार्डों में बेहतर सफाई व्यवस्था कायम करना हमारी प्राथमिकता में शामिल है। क्योंकि स्वच्छता रहेगी तो गंदगी से होने वाली कई प्रकार की बीमारियों से भी जनता का बचाव भी रहेगा। यह बात नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने वार्ड 15 के अंतर्गत आने वाले शहीद भगत सिंह पार्क में सफाई व्यवस्था का जायजा लेते हुए कही। नगर परिषद चेयरपर्सन अधिकारियों के साथ शहीद भगत सिंह पार्क में पहुंची और वहां मौजूद लोगों से सफाई व्यवस्था की जानकारी ली। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बताया कि उन्हें कई दिनों से पार्क में सैर करने के लिए आने वाले लोगों से शिकायत मिल रही थी कि भगत सिंह पार्क में सफाई सही ढंग से नहीं हो रही है। लोगों से मिल रही शिकायत पर संज्ञान लेते हुए आज उन्होंने अधिकारियों के साथ शहीद भगत सिंह पार्क का दौरा किया और मौके पर आकर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सरोज रमेश राठी ने बताया कि शहीद भगत सिंह पार्क में नियमित रूप से बेहतर सफाई करने के लिए सफाई कर्मचारियों को 3 से 4 दिन का समय दिया गया है। अगर इसके बाद भी शहीद भगत सिंह पार्क में नियमित बेहतर सफाई करने को लेकर किसी प्रकार की कोताही कर्मचारियों द्वारा बरती गई तो नियमानुसार उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चेयरपर्सन सरोज रमेश राठी ने कहा कि भाजपा सरकार की स्वच्छ भारत- स्वस्थ भारत व स्वच्छ हरियाणा - स्वस्थ हरियाणा की नीति को धरातल पर साकार करते हुए पूरे बहादुरगढ़ में बेहतर सफाई व्यवस्था करने का कार्य कर रहे हैं अगर फिर भी सफाई के कार्य में किसी प्रकार की समस्या का आमजन को सामना करना पड़ रहा है तो वे हमें जरूर सूचित करें ताकि सफाई से संबंधित समस्या का निवारण किया जा सके। सरोज रमेश राठी ने कहा कि आमजन के स्वस्थ रहने के लिए पार्कों व सभी वार्डों में बेहतर सफाई करने के निर्देश कर्मचारियों को दिए गए है। सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी नियमानुसार सफाई कर्मचारी पर कार्रवाई करने के साथ -साथ सफाई ठेकेदार पर जुमार्ना भी लगाया जाएगा। चेयरपर्सन सरोज राठी ने बहादुरगढ़ की जनता से अपील करते हुए कहा कि वे भी बहादुरगढ़ को स्वच्छ रखने में सहयोग करें। कूड़ा कर्कट को गलियों में या इधर-उधर न फैंके। इस अवसर पर पार्षद राजेश तंवर, दलबीर देशवाल जेई, मनमोहित गुप्ता, सतबीर सिंह सहित गणमान्य जन मौजूद रहे।

## न्यूज फ्लैश

### सिद्धपीठ सतकुंभा धाम पर गंगा दशहरा स्नान पर भरेगा मेला 30 मई को



**गन्नौर**: सिद्धपीठ सतकुंभा तीर्थ के पीठाधीश्वर राजेश स्वरुप महाराज ने कहा है कि अब संवत्सर 2080 के अंदर इस बार हस्त नक्षत्र में तथा व्यतीपात योग में गंगा दशहरा पर्व मनाया जाएगा। वैदिक पंचांग के अनुसार ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष की दशमी तिथि 29 मई को रात्रि 11 बजकर 49 मिनट से शुरू होगी और इसका समापन 30 मई को दोपहर 1 बजकर 7 मिनट पर होगा। गंगा दशहरा पर्व उदया तिथि के अनुसार 30 मई 2023, मंगलवार के दिन मनाया जाएगा। सिद्धपीठ सतकुंभा तीर्थ के प्रबंधक सूरज शास्त्री ने बताया कि श्रद्धालू पाठ पूजा करने का विचार बना रहे हैं। पूजा भी उसी दिन करवाई जाएगी। शास्त्री ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए अनंत भंडारे की सेवा की जा रही है, ठंडे पानी की छबील लगाई जाएगी। पार्किंग की व्यवस्था की गई है साथ सरोवर में शुद्ध जल भरने के लिए व्यवस्था की गई है। महंत राजेश स्वरुप जी ने कहा कि गंगा दशहरे का महत्व इसलिए है क्योंकि सनातन संस्कृति में गंगा मैया को पापनाशिनी बताया है जितने भी ज्ञात अज्ञात अनेकों शरीर से मन से वाणी से पाप होते हैं । **सतकुंभा धाम सप्त ऋषियों की तपोभूमि है : शास्त्री पीठाधीश्वर** राजेश स्वरुप महाराज ने बताया कि सिद्ध पीठ तीर्थ सतकुंभा धाम सप्त ऋषियों की तपोभूमि है। सप्त ऋषियों ने सात धाराओं के रूप में समस्त नदियों का जल समस्त समुद्रों का अनेकों अनेक तीर्थों का जल लेकर सतकुंभा धाम बना। इस कुंड में स्नान करके पुण्य प्राप्त करते हैं। श्रद्धालु यहां पर स्नान करेंगे और बाबा सीताराम का आशीर्वाद लेंगे।

### ब्रह्माकुमारीज संस्था द्वारा 28 मई को जल-जन अभियान कार्यक्रम: सिंघल

**गन्नौर। ब्रह्माकुमारीज** संस्था शाखा गन्नौर द्वारा 28 मई को शाम 4 बजे चिराग गार्डन में जल-जन अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए संदीप सिंघल ने बताया कि ब्रह्माकुमारीज संस्था माऊंट आबू राजस्थान द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय मुख्यालय शांतिवन, ज्ञान सरोवर सहित अनेक स्थानों पर जल संरक्षण के लिए इको-फ्रेन्डली सिस्टम का निर्माण किया गया है। शांतिवन परिसर में भूमिगत जलस्तर को बनाये रखने के लिए 32 लाख लीटर जल को स्टोरेज करने की व्यवस्था की गई है तथा चेन फिल्टर विधि से 8 लाख लीटर जल का शुद्धीकरण किया जाता है और प्रयोग किए गए जल को रिसाइकिल विधि से पुनः स्वच्छ बनाकर पौधों की सिंचाई करके परिसर को हरा-भरा बनाया जाता है। सिंघल ने बताया कि संस्था द्वारा युवाओं को जीवन मूल्यों के साथ- साथ जल और प्रकृति के संरक्षण की शिक्षा दी जाती है तथा ऑनलाइन कोर्स भी कराया जाता है।

### प्रेम गौतम बने रेडक्रॉस सोसायटी हरियाणा राज्य शाखा चंडीगढ़ के सब कमेटी सदस्य



**माँ भारती रक्तवाहिनी** के संस्थापक व सचिव प्रेम गौतम को भारतीय रैडक्रॉस सोसाइटी की हरियाणा राज्य शाखा की सब कमेटी का सदस्य बनाया गया है । प्रेम गौतम लम्बे समय से रक्तदान व अन्य सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से समाज हित मे कार्य कर रहे है जिसे देखते हुए रेडक्रोस हरियाणा स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ के महासचिव मुकेश अग्रवाल व कमेटी ने ये फैसला लिया है । कमेटी में हरियाणा के सभी पी जी आई डारेक्टर , एच एस बी टी सी के सदस्य ,सभी जिला रेडक्रोस सचिव , हरियाणा की 10 यूनिवर्सिटी के कोर्डिनेटर व चयनित सामाजिक कार्यकताओं समेत कुल 67 सदस्य है । कमेटी का उद्देश्य हरियाणा के हर जिले में रक्तदान सबंधित समस्याओं को दूर करना , जिले में रक्तदान जागरूकता में बढ़ावा देने के साथ साथ सदस्यो के सुझाव लेकर पॉलिसी बनाई जाती है जो पूरे हरियाणा में लागू की जाती है । इस कमेटी के चेयरमैन सोहना से विधायक सजंय सिंह है । प्रेम गौतम को इस कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर माँ भारती रक्तवाहिनी व उस से जुड़े सभी रक्तदाताओं में खुसी की लहर है। प्रेम गौतम को रेडक्रोस कमेटी का सदस्य बनाये जाने पर बधाईया दी। प्रेम गौतम ने कहा कि हरियाणा रेडक्रोस सोसायटी स्टेट ब्रांच चंडीगढ़ के महासचिव मुकेश अग्रवाल व विधायक सजंय सिंह और सभी सदस्यों का आभार करता हु जिन्होंने मेरे जैसे एक सेवक को कमेटी का सदस्य बनाया।

# तेवड़ी गांव में लगाया तीन दिवसीय योगी प्रशिक्षण शिविर का हुआ समापन



**▶▶ आयुष योग सहायकों का कार्यकाल बढ़ाया जाए ताकि 21 जून विश्व योग दिवस बिना परेशानी के संपन्न हो**

**टीम एक्शन इंडिया/गन्नौर। आयुष विभाग** हरियाणा और हरियाणा योग आयोग द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय गांव तेवड़ी में 3 दिवसीय योग प्रशिक्षण समाप्त हुआ। विद्यार्थियों ने बहुत उत्साह और उमंग के साथ अभ्यास किया। बच्चों ने योग क्रियाओ के साथ साथ संकल्प, हास्यासन और तालिवादन आदि का भी लुफ्त उठाया। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. सतपाल और एएमओ डा. पूनम नैन के निर्देशन में कार्यरत आयुष योग सहायक जीत राम ने स्कूल पीटीआई संदीप के साथ आसान और प्राणायाम का अभ्यास कराया। पीटीआई संदीप ने बताया कि योग हमारे समूचे जीवन को व्यवस्थित करता है। योग शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य के साथ साथ आध्यात्मिक और सामाजिक स्वास्थ्य भी प्रदान करता है। सहायक जीत राम ने बताया कि विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के उपरांत 29 मई से 31 मई तक अध्यापकों के प्रशिक्षण कार्य गन्नौर ब्लॉक का प्रशिक्षण रौनक पब्लिक स्कूल में किया जाएगा। योगाभ्यास के दौरान विद्यार्थियों ने नियमित अभ्यास करने का संकल्प लिया। उन्होंने सरकार से मांग की कि आयुष योग सहायकों का कार्यकाल निरंतर बढ़ाया जाए ताकि 21 जून विश्व योग दिवस बिना परेशानी के संपन्न किया जा सके। योग शिविर में शिक्षिका सुनीता, नरेश, मनोज, पुष्पराज आदि मौजूद थे।

## बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान वर्तमान शिक्षण पद्धति का महत्त्वपूर्ण भाग : शर्मा

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र/शाहाबाद (दलबीर मलिक)**
**डी.पी.सी. संतोष** शर्मा ने खंड शाहाबाद के प्राथमिक अध्यापकों के हरियाणा मिशन के तहत चल रहे 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला में अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान वर्तमान शिक्षण पद्धति का महत्त्वपूर्ण भाग है। उन्होंने कहा कि शिक्षा विभाग द्वारा प्रदेश के सभी प्राथमिक विद्यालयों के अध्यापकों को बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान के लिए प्र्शिक्षण दिया जा रहा है। उप जिला शिक्षा अधिकारी राजकुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुधारने के लिए विशेष फोकस कर रही है। इसी कड़ी में एफ.एल.एन. शिक्षण-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। खंड शिक्षा अधिकारी डा. एस.एस.आहुजा ने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 25 मई से 30 जून तक चलेगें। बी.आर.पी. कोमल, विष्णु, प्रीती, दीप्ती, ए.बी.आर.सी. रीतू, प्रताप सिंह, हरकेश, प्रवीण, भावना आदि उपस्थित थे।

# काबडी,रेरकलां व पुट्ठर गांवों में बनेंगे नये पीएचसी भवन



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत जिला** के तीन गांवों काबडी,रेरकलां व पुट्ठर में जल्द ही स्वास्थ्य विभाग द्वारा पीएचसी के लिए नये भवनों का निर्माण किया जायेगा। ये भवन सीएम घोषणा के तहत बनाये जायेंगे। नये भवन बनने से इन गांवों के निवासियों सहित आस- पास के क्षेत्र के लोगों को भी इनका फायदा मिलेगा। स्वास्थ्य केन्द्रों के लिए बनने वाले नये भवन आधुनिक सुविधाओं सहित डाक्टरों व अन्य स्टाफ के लिए निवास करने की सुविधाओं से सुसज्जित होंगे। नये भवनों के निर्माण हेतु जमीन को लेकर एडीसी वीना हुडा और एसडीएम पानीपत वीरेन्द्र ढुल ने सबंधित अधिकारियों के साथ उपरोक्त तीनों गांवों का दौरा किया। इस दौरान एडीसी ने बताया कि ये नये भवन सबंधित ग्राम पंचायतों की जमीन में बनाये जायेंगे। जिसके लिये सभी सबंधित ग्राम पंचायत जल्द ही प्रस्ताव पास कर स्वास्थय विभाग को सौंप देंगी। उन्होंने मौके पर ही सबंधित अधिकारियों को भी निर्देश देते हुए कहा कि वे आपसी समन्वय बनाकर जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करें।

## डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल लुखी में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ आयोजित

**टीम एक्शन इण्डिया/ कुरुक्षेत्र (दलबीर मलिक )आज** डी ए वी सीनियर सेकेंडरी पब्लिक स्कूल, लुखी में योग प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिला आयुर्वेदिक विभागीय अधिकारी डॉ सुदेश जटियान उपस्थित ही। लुखी के इंचार्ज डॉ राज कपूर और आयुष योग सहायक श्रीमती बाला देवी ने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों को योग की महत्ता के बारे में बताया और कहां कि सभी छात्रों को योग आसनों का निरंतर अभ्यास करना चाहिए। इस कार्यक्रम में योगा प्रोटोकोल का अभ्यास करवाया गया।

# जैन ने बिजली संबंधित समस्याओं पर चर्चा की



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत शहर में** बिजली की व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त करने के लिए ट्रांसफार्मर लगाने, जर्जर तारों को बदलने के काम में तेजी लाई जाए तथा शहर के बीच के इलाके में बिजली की भविष्य की मांग को देखते हुए नये 33 के0वी0 सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव तैयार किया जाए तथा गर्मी के मौसम में अघोषित लगने वाले कटों से निजात दिलवाई जाये।

बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता गीतूराम तंवर से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में बिजली से संबंधित समस्याओं पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि तीन वर्ष पूर्व शहर की कालोनियों में अधिक लोड वाले ट्रांसफार्मरों की क्षमता बढ़ाने, नई बसी कालोनियों में ट्रांसफार्मर लगाने तथा लकड़ी की बल्लियों पर लगी तारों को हटाकर नये खम्बे लगाने का काम धनलक्ष्मी कम्पनी को दिया था।

राजीव जैन ने बताया कि देखने में आ रहा है कि कम्पनी खम्बे लगाकर छोड़ देती है, उन पर कई-कई माह तक तार नहीं लगाती, इसी तरह ट्रांसफार्मर का प्लेटफार्म बनाने के बाद ट्रांसफार्मर रखने में देरी की जाती है। भाजपा नेता ने कहा कि अघोषित कटों से भी नागरिक काफी परेशान हैं, कटों की न तो सूचना दी जाती है और ना ही विभाग के कर्मचारी सही जवाब देते हैं जिससे जनता परेशान है। इस कारण शहर में पेयजल की आपूर्ति भी बाधित होती रहती है।

राजीव जैन ने कहा कि शहर के बीच के हिस्से में व्यवसायिक गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं और आने वाले समय में अधीक्षण अभियंता कार्यालय में स्थापित सब स्टेशन बिजली की मांग को पूरी नहीं कर पायेगा इसलिए नया 33के0वी0 सब स्टेशन बनाने का प्रस्ताव तैयार करके जमीन अभी से चिंहित करनी चाहिए। अधीक्षण अभियंता ने आष्वासन दिया कि सभी विशयों पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

## गंगा दशहरा पर्व पर पानीपत में करीब 50 हजार श्रद्धालु करेंगे यमुना में स्नान

### दो सालों में गंगा दशहरा पर यमुना में पानी नहीं होने से श्रद्धालुओं को हुई थी निराशा



**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत**
**गंगा दशहरा** का पर्व हर साल ज्येष्ठ माह की शुक्ल पक्ष की दशमी को मनाया जाता है। गंगा दशहरा पर पानीपत जिला के हजारों की संख्या में श्रद्धालु यमुना में स्नान करने के लिये आते है और यमुना पर बड़ा मेला लगता है। इस साल गंगा दशहरा पर्व 30 मई को मनाया जाएगा। पिछले दो साल से यमुना में पानी नाममात्र होने से गंगा दशहरा पर श्रद्धालु यमुना में स्नान नहीं कर पाये थे और उनकी आस्था को ठेस पहुंची थी लेकिन इस बार यमुना में पानी का प्रवाह ठीक चल रहा है और सभी श्रद्धालु यमुना में स्नान कर सकेंगे। गंगा दशहरा पर्व को लेकर यमुना सुधार समिति सहित कई संगठनों ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है।

यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष रतन सिंह रावल एडवोकेट ने बताया कि समिति द्वारा यमुना घाट की सफाई करवाई जाएगी और श्रद्धालुओं के लिये पीने के पानी आदि की भी व्यवस्था की जाएगी। जबकि यमुना किनारे स्थित मंदिर के पुजारी सुभाष गिरी जी महाराज और आचार्य राजकुमार शास्त्री ने बताया कि गंगा दशहरा पर इस बार करीब 50 हजार श्रद्धालओं के यमुना में स्नान करने के लिये आने की उम्मीद है। मंदिर समितियों व संगठनों द्वारा गंगा दशहरा पर यमुना पर श्रद्धालुओं के लिये लंगर भी लगाये जाएगे। वहीं यमुना सुधार समिति के प्रदेशाध्यक्ष रतन सिंह रावल ने बताया कि यमुना में कुछ ठेकेदारों द्वारा अवैध रूप से बहुत ज्यादा गहराई तक खनन किया जाता है। इसी वजह से यमुना में बहने वाला पानी उन कुंडों में चला जाता है। इसलिये सरकार व प्रशासन से मांग है कि यमुना में अवैध रूप से ज्यादा गहराई तक खनन करने पर रोक लगाई जानी चाहिये ताकि हर समय यमुना में पानी बहता रहे। वहीं सनौली खुर्द थाना प्रभारी एसआई महाबीर सिंह ने बताया कि गंगा दशहरा पर यमुना में स्नान करने के लिये हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते है और पुलिस द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर अलग से पुलिस कर्मियों की डयूटी लगाई जाएगी।

# गुरु पुरब पर गुरु साहिब को नमन करने पहुंचे मदान

## गुरु अर्जन देव जी ने धर्म और मानवता की रक्षा के लिए दिया बलिदान: मेयर



**टीम एक्शन इंडिया/सोनीपत मेयर निखिल मदान** शनिवार सुबह शहर के आईटीआई चौक पर पहुंचे और सिखों के पांचवें गुरु अर्जन देव जी के शहीदी गुरु पुरब के उपलक्ष्य में बाबा दीप सिंह गतका (अखाड़ा) इंद्रपुरी, न्यू जीवन नगर द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि शामिल हुए।
इस अवसर पर आयोजकों द्वारा मीठे पानी की छबील और लंगर लगाया गया जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने लंगर चखा।
मेयर निखिल मदान ने बताया कि गुरु अर्जन देव जी ने अपना बलिदान देकर हिंदू धर्म और मानवता की रक्षा की। गुरु साहिब ने मुगलों की असंख्य यातनाएं सहन की लेकिन अपने धर्म को कमजोर नहीं होने दिया। गुरु अर्जन देव जी का जीवन दर्शन समस्त देशवासियों के लिए आदर्श है। पवित्र गुरु ग्रंथ साहिब जी में सबसे ज्यादा वाणी पंचम गुरु श्री अर्जन देव जी की है, जो हम सबको सदकर्म पर चलने का ज्ञान देती है। इसीलिए गुरु अर्जन देव जी को ब्रह्मज्ञानी भी कहा गया है। इस मौके पर मेयर निखिल मदान ने अनेकों श्रद्धालुओं को अपने हाथ से मीठे पानी का प्रसाद वितरित किया और सभी श्रद्धालुओं के साथ बैठकर लंगर चखा।
कार्यक्रम में सरदार जसविंदर सिंह, हरजीत सिंह, अमरजीत सिंह, रमनदीप सिंह, गुरप्रीत सिंह, महेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## बेरोजगारों को स्वरोजगार से जोडने में पीएमएफएमई योजना लाभकारी: डीसी

**टीम एक्शन इंडिया/पानीपत डीसी वीरेंद्र दहिया** ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) बेरोजगार लोगों को स्वरोजगार से जोड? में बेहद मददगार साबित होती जा रही है। उन्होंने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव के दौरान विभिन्न योजनाओ के तहत व्यक्तिगत तौर पर पुरुष, महिला, किसान उत्पादन संगठन, स्वयं सहायता समूह व सहकारी समिति ऋण योजनाओं का लाभ ले सकते हैं। डीसी ने बताया कि स्वयं सहायता समूह को मशीन की खरीद के लिए प्रत्येक सदस्य के हिसाब से 40 हजार रुपये की राशि प्रदान की जा रही है। बुनियादी ढांचा खड़ा करने के लिए 35 प्रतिशत अनुदान पर ऋण उपलब्ध करवाया जाता है। खाद उद्योग जैसे बेकरी, आटा मिल, सरसों तेल मिल, मसाले, मिठाई, जूस, पेठा, पापड़, फ्रूट, जैम, शहद, मशरूम, बिस्किट, केक, पिज्जा, टमाटर सॉस, चिप्स, नमकीन, गजक, गुड़, आचार व मखाना आदि से संबंधित खाद्य पदार्थ को बनाने व उत्पादन की यूनिट लगाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से सूक्ष्म उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए एक करोड़ रुपए तक का ऋण दिया जाता है, जिसमें 35 प्रतिशत सब्सिडी का प्रावधान है।

हरियाणा सरकार | G20 भारत 2023 INDIA | 75 आज़ादी का अमृत महोत्सव

# जो कहा...करके दिखाया



> भविष्य में हम कितना आगे जाएंगे, कितनी ऊंचाई प्राप्त करेंगे, ये इस बात पर निर्भर करेगा कि हम अपने युवाओं को वर्तमान में यानि आज कैसी शिक्षा दे रहे हैं, कैसी दिशा दे रहे हैं। मैं मानता हूं भारत की नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति राष्ट्र निर्माण के महायज्ञ में बड़े factors में से एक है।
>
> **- नरेन्द्र मोदी**

## जन संवाद कार्यक्रम

मुख्य अतिथि

**श्री मनोहर लाल**

माननीय मुख्यमंत्री, हरियाणा

गांव खैरेकां, सिरसा



# मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल ने सिरसा में आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में की अभूतपूर्व घोषणा

## प्रथम चरण में प्रदेश के 10वीं कक्षा तक के 113 स्कूलों को 12वीं कक्षा तक अपग्रेड किया

### सिरसा

1 राजकीय उच्च विद्यालय, कीर्तिनगर
2 राजकीय उच्च विद्यालय, शाहपुर बेगू
3 राजकीय उच्च विद्यालय, सक्ता खेड़ा
4 राजकीय उच्च विद्यालय, बकरियांवाली
5 राजकीय उच्च विद्यालय, मौजगढ़
6 राजकीय उच्च विद्यालय, सिकंदरपुर
7 राजकीय उच्च विद्यालय, पन्नीवाला रुलदू
8 राजकीय उच्च विद्यालय, भरोलियां वाली
9 राजकीय उच्च विद्यालय, खैरकां
10 राजकीय उच्च विद्यालय, सुखेरा खेड़ा
11 राजकीय उच्च विद्यालय, गिंदरान
12 राजकीय उच्च विद्यालय, जगमालवाली
13 राजकीय उच्च विद्यालय, लकरवाली

### जींद

14 राजकीय उच्च विद्यालय, लुडाना
15 राजकीय उच्च विद्यालय, बुटानी
16 राजकीय उच्च विद्यालय, जामनी
17 राजकीय उच्च विद्यालय, करेला झामोला
18 राजकीय उच्च विद्यालय, हाथो
19 राजकीय उच्च विद्यालय, दबलैन
20 राजकीय उच्च विद्यालय, खोक्केरी
21 राजकीय उच्च विद्यालय, बधाना
22 राजकीय उच्च विद्यालय, ढकाल
23 राजकीय उच्च विद्यालय, भिखावाला

### गुरुग्राम

24 राजकीय उच्च विद्यालय, लखुवास
25 राजकीय उच्च विद्यालय, कांकरोला
26 राजकीय उच्च विद्यालय, कन्हाई
27 राजकीय उच्च विद्यालय, धनवापुर
28 राजकीय उच्च विद्यालय, नखरोला
29 राजकीय उच्च विद्यालय, हयातपुर
30 राजकीय उच्च विद्यालय, सदराना
31 राजकीय उच्च विद्यालय, रिठोज

### सोनीपत

32 राजकीय उच्च विद्यालय, बड़ी
33 राजकीय उच्च विद्यालय, चिरास्मी
34 राजकीय उच्च विद्यालय, जाहरी
35 राजकीय उच्च विद्यालय, छतेरा

### करनाल

36 राजकीय उच्च विद्यालय, नगला मेघा
37 राजकीय उच्च विद्यालय, बदरपुर
38 राजकीय उच्च विद्यालय, अलीपुर खालसा
39 राजकीय उच्च विद्यालय, महमदपुर
40 राजकीय उच्च विद्यालय, कलसी बरसालू
41 राजकीय उच्च विद्यालय, शेखपुरा मंचूरी
42 राजकीय उच्च विद्यालय, खेड़ा
43 राजकीय उच्च विद्यालय, रायपुर जट्टान
44 राजकीय उच्च विद्यालय, नारायणा
45 राजकीय उच्च विद्यालय, बालू
46 राजकीय उच्च विद्यालय, पूंडरी

### फरीदाबाद

47 राजकीय उच्च विद्यालय, चांदपुर
48 राजकीय उच्च विद्यालय, मंगर
49 राजकीय उच्च विद्यालय, महावतपुर

### रोहतक

50 राजकीय उच्च विद्यालय रोहतक (सुखपुरा)

### पानीपत

51 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, जौरासी

### भिवानी

52 राजकीय उच्च विद्यालय, धनी हनुमान
53 राजकीय उच्च विद्यालय, लिलस
54 राजकीय उच्च विद्यालय, रिवाड़ी खेड़ा
55 राजकीय उच्च विद्यालय, किकराल

### यमुनानगर

56 राजकीय उच्च विद्यालय, रसूलपुर
57 राजकीय उच्च विद्यालय, मंगलौर
58 राजकीय उच्च विद्यालय, शादीपुर
59 राजकीय उच्च विद्यालय, दरपुर

### कैथल

60 राजकीय उच्च विद्यालय, गोहरां
61 राजकीय उच्च विद्यालय, बरटा
62 राजकीय उच्च विद्यालय, कठवार
63 राजकीय उच्च विद्यालय, बड़सिकरी
64 राजकीय उच्च विद्यालय, संगरौली
65 राजकीय उच्च विद्यालय, बलवंती

### पंचकूला

66 राजकीय उच्च विद्यालय, माड़ांवाला
67 राजकीय उच्च विद्यालय, जालौली
68 राजकीय उच्च विद्यालय, बिल्ला
69 राजकीय उच्च विद्यालय, तगरा हकीमपुर
70 राजकीय उच्च विद्यालय, समलेहड़ी

### नूहं, मेवात

71 राजकीय उच्च विद्यालय, अलदूका

### महेंद्रगढ़

72 राजकीय उच्च विद्यालय, मुलौदी
73 राजकीय उच्च विद्यालय, छपरा बीबीपुर

### रेवाड़ी

74 राजकीय उच्च विद्यालय, रामगढ़ भगवानपुर
75 राजकीय उच्च विद्यालय, तातारपुर खालसा

### अंबाला

76 राजकीय उच्च विद्यालय, सोंडा
77 राजकीय उच्च विद्यालय, रामपुर छपरा
78 राजकीय उच्च विद्यालय, खानपुर लबाना
79 राजकीय उच्च विद्यालय, चौरमस्तपुर
80 राजकीय उच्च विद्यालय, खानपुर ब्राह्मण

### हिसार

81 राजकीय उच्च विद्यालय, खरकड़ा
82 राजकीय उच्च विद्यालय, कानोह
83 राजकीय उच्च विद्यालय, कुंभा
84 राजकीय उच्च विद्यालय, पट्टन टोकस
85 राजकीय उच्च विद्यालय, सातरोड़ कलां
86 राजकीय उच्च विद्यालय, चुली कलां
87 राजकीय उच्च विद्यालय, साहू
88 राजकीय उच्च विद्यालय, खैरी
89 राजकीय उच्च विद्यालय, लुडस
90 राजकीय कन्या उच्च विद्यालय, टोकस

### पलवल

91 राजकीय उच्च विद्यालय, रन्याला खुर्द
92 राजकीय उच्च विद्यालय, लिखी
93 राजकीय उच्च विद्यालय, बघोला
94 राजकीय उच्च विद्यालय, गुराक्सर
95 राजकीय उच्च विद्यालय, आल्हापुर
96 राजकीय उच्च विद्यालय, छपरोला
97 राजकीय उच्च विद्यालय, चिरावता
98 राजकीय उच्च विद्यालय, लहरपुर

### फतेहाबाद

99 राजकीय उच्च विद्यालय, धनी गोपाल
100 राजकीय उच्च विद्यालय, नथुवाल
101 राजकीय उच्च विद्यालय, बान मंडोरी
102 राजकीय उच्च विद्यालय, गुरुसर
103 राजकीय उच्च विद्यालय, टिब्बी
104 राजकीय उच्च विद्यालय, मताना
105 राजकीय उच्च विद्यालय, बरसीन
106 राजकीय उच्च विद्यालय, बीरन बाड़ी

### कुरुक्षेत्र

107 राजकीय उच्च विद्यालय, लोहार माजरा
108 राजकीय उच्च विद्यालय, भट माजरा
109 राजकीय उच्च विद्यालय, त्योड़ा
110 राजकीय उच्च विद्यालय, ईसाक
111 राजकीय उच्च विद्यालय, अजरावर
112 राजकीय उच्च विद्यालय, सुधपुर
113 राजकीय उच्च विद्यालय, दीवाना

सूचना, लोक सम्पर्क, भाषा तथा संस्कृति विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana